रोहतक
रविवार, 13 जुलाई, 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष, तृतीया वर्ष : 29, अंक : 163
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 35.6
न्यून. 23.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



07 लॉर्ड्स में राहुल ने जड़ा शतक, पंत के अर्धशतक से भारत की पकड़ मजबूत

K.R. MANGALAM UNIVERSITY
Gurugram, Delhi-NCR | www.krmangalam.edu.in | welcome@krmangalam.edu.in
(Recognized by UGC and a member of AIU)
Thanks for making us the MOST PREFERRED UNIVERSITY
6 Lakh+ Registrations
for UG & PG Programmes as per CUET 2023 & 2024
No.1 HARYANA — Ranked #1 in Haryana amongst all B-Schools as per Times School survey 2024 by The Times of India
No.5 NORTH INDIA — Amongst all private engineering colleges & universities by BW BUSINESSWORLD Ranking 2022
SCAN TO APPLY
Admissions Open | Scholarships Worth ₹21 Cr | 8800012938 | 8800012939 | Admission Office Open 7 Days a Week

## खबर संक्षेप

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन

**चंडीगढ़।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए 31 जुलाई तक पोर्टल https://awards.gov.in/ पर आवेदन किए जा सकते हैं। राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025 के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस के क्षेत्र में दिए जाएंगे। ब्यूरो

### कश्मीर में 3 आतंकियों की संपत्तियां कुर्क की

**श्रीनगर।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दे रहे तीन आतंकवादियों की जम्मू-कश्मीर के गांदरबल स्थित संपत्तियां जब्त की गईं। पुलिस ने बताया कि तीनों की पहचान कुराग के फारूक अहमद राठेर, हाटबुरा के नूर मोहम्मद पारे और मध्य कश्मीर जिले के खुरहामा इलाके के मोहम्मद मकबूल सोफी के रूप में हुई है। भाषा

### गुरुग्राम : रामप्रस्थ समूह की 681 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम से संचालित रामप्रस्थ रियल एस्टेट समूह की 1,900 एकड़ से अधिक भूमि पर फैली 680 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की कॉलोनियों और भूखंडों को घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में कुर्क किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। भाषा

### हेमकुंड से लौट रहे पंजाब के दो श्रद्धालुओं की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के टिहरी में एक ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दी जिससे उस पर सवार पंजाब के रहने वाले दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कीर्तिनगर के पास बागवान में हुई जब ऋषिकेश से श्रीनगर की ओर जा रहे एक टाटा-407 ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। भाषा

### पर्ल्स ग्रुप की 762 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने शनिवार को कहा कि 48,000 करोड़ रुपये की कथित पोंजी योजना से जुड़े एक मामले में धनशोधन निरोधक कानून के तहत पीएसीएल (पर्ल्स समूह) और उसके प्रवर्तकों की 762 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां कुर्क की गई हैं। इस पोंजी योजना के माध्यम से कई निवेशकों के साथ ठगी हुई थी। भाषा

### अमेरिकी नागरिकों से धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि उसने पुणे स्थित एक फर्जी कॉल सेंटर के जरिये अमेरिकी नागरिकों से लाखों डॉलर की ठगी से जुड़े धन शोधन के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी मैग्नेटेल बीपीएस कंसल्टेंट्स एंड एलएलपी के खिलाफ साइबर धोखाधड़ी मामले में अहमदाबाद, जयपुर, जबलपुर और पुणे में की गई छापेमारी के बाद की है। भाषा

## अहमदाबाद विमान हादसे में एएआईबी की 15 पन्नों की रिपोर्ट में खुलासा

# फ्लाइट के दोनों इंजनों का फ्यूल स्विच ऑफ होने से हुआ हादसा

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

एअर इंडिया की उड़ान एआई-787 ड्रीमलाइनर के दोनों इंजन में ईंधन पहुंचाने वाले स्विच बंद हो गए थे। इससे दोनों इंजन बंद हो गए और पायलटों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो गई, जबतक वे संभल पाते विमान अहमदाबाद में क्रैश हो गया। विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने 12 जुलाई को 15 पन्नों की रिपोर्ट सार्वजनिक की। प्रारंभिक जांच के मुताबिक यह हादसा विमान के दोनों इंजन बंद होने की वजह से हुआ था। रिपोर्ट में कहा गया है कि 'कॉकपिट वॉयस रिकार्डिंग' में सुना गया कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि उसने ईंधन क्यों बंद किया, तो जवाब मिला कि उसने ऐसा नहीं किया। लंदन जाने वाले बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान 12 जून को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद ही क्रैश हो गया था। विमान में सवार 242 लोगों में से एक को छोड़कर बाकी सभी की मौत हो गई थी। विमान दुर्घटना में यात्री और चालक दल के सदस्यों के अलावा 19 और लोग मारे गए थे। विमान एक्सपर्ट के अनुसार रिपोर्ट में शामिल सभी प्वाइंट्स प्लेन में टेक्निकल गड़बड़ी न होने और पायलट से चूक की ओर इशारा कर रहे हैं।

### पायलट के बीच बनी भ्रम की स्थिति

विमान विशेषज्ञों ने किया पायलट से चूक की ओर इशारा



रिपोर्ट में मौसम, बर्ड-हिट और सबोटाज जैसे किसी भी कारण का जिक्र नहीं
■
इस हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी

### उड़ान भरने से क्रैश तक के 32 सेकेंड

- 1:38:39 **PM**- उड़ान भरी
- 1:38:42 **PM**- स्पीड 333 किमी , 1 सेकेंड के अंतर से दोनों इंजन बंद
- 1:38:52 **PM**- पायलट ने इंजन-1 का स्विच ऑन किया, कुछ हद तक चालू हुआ
- 1:38:56 **PM**- पायलट ने इंजन-2 का स्विच ऑन किया, इंजन चालू नहीं हुआ
- 1:39:05 **PM**- पायलट ने मेडे कॉल दी, जवाब से पहले प्लेन क्रैश
- 1:39:11 **PM**- फ्लाइट रिकॉर्डर ने रिकॉर्डिंग बंद कर दी

### पायलट्स की बातचीत से किसी निष्कर्ष पर न पहुंचे : एपीएआई

एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एपीएआई) ने कहा कि एएआईबी की शुरुआती जांच रिपोर्ट से लग रहा है कि क्रैश में पायलट्स की गलती है। हम इसे खारिज करते हैं। पायलट की बातचीत से किसी निष्कर्ष पर न पहुंचे।

### एयर इंडिया प्रारंभिक रिपोर्ट की समीक्षा करेगी

एयर इंडिया ने कहा कि वह विमान हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट की समीक्षा के लिए आने वाले दिनों में विशेष सत्र आयोजित करेगी, जिनमें सभी पायलटों को भी शामिल किया जाएगा।

### जांच में यह सामने आया

- उड़ान भरने के कुछ ही सेकेंड बाद दोनों इंजन हवा में ही बंद हो गए-ईंधन कटऑफ स्विच एक के बाद एक केवल एक सेकेंड में रन (चालू इंजन) से कटऑफ (बंद इंजन) में बदल गए। इंजनों को ईंधन की आपूर्ति मिलना बंद हो गई थी।
- कॉकपिट ऑडियो भी सामने आया है जिसमें एक पायलट ने पूछा, आपने इंजन क्यों बंद किया? दूसरे ने उत्तर दिया, मैंने नहीं किया। इससे दोनों पायलटों के बीच भ्रम की स्थिति हो गई।
- पायलटों ने इंजन को चालू करने का प्रयास किया। एन 1 या इंजन 1 कुछ हद तक चालू हो गया, लेकिन इंजन 2 क्रैश होने से पहले स्टार्ट नहीं हो सका।
- ईंधन में कोई दिक्कत नहीं थी। थ्रस्ट लीवर पूरी तरह टूट चुके थे, लेकिन ब्लैक बॉक्स से पता चला है कि टेकऑफ थ्रस्ट उस वक्त चालू था, जो डिस्कनेक्ट होने का संकेत देता है। थ्रस्ट लीवर से इंजन की ताकत को कंट्रोल करते हैं।
- दोनों पायलट मेडिकली फिट थे। पायलट इन कमांड के पास 15000 घंटे व को-पायलट के पास 3400 घंटे उड़ान का अनुभव था।

### रिपोर्ट की अमेरिका ने की तारीफ

दूसरी ओर रिपोर्ट पर अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर पीटर गोएल्ज़ ने एएआईबी की तारीफ़ की है। उन्होंने कहा, भारत के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की सराहना की जानी चाहिए कि उसने इतनी विस्तृत प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की है। पीटर गोएल्ज़ कई विमान हादसों को लेकर हुई जांच का नेतृत्व कर चुके हैं।

### ये अंतिम नहीं, शुरुआती रिपोर्ट है: मंत्री नायडू

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि ये शुरुआती जांच रिपोर्ट है। एएआईबी की अंतिम रिपोर्ट आने तक कोई भी निष्कर्ष नहीं निकाला जाएगा। यह रिपोर्ट फिलहाल प्रारंभिक स्तर की है। मंत्रालय इसका विश्लेषण कर रहा है।

## आरोपित पिता को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

# राधिका की अपनी अकादमी नहीं थी टेनिस कोर्ट बुक कर देती थी प्रशिक्षण

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** गुरुग्राम पुलिस ने शनिवार को कहा कि पूर्व राज्यस्तरीय टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की अपनी अकादमी नहीं थी। वह अलग-अलग जगहों पर टेनिस कोर्ट बुक कर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देती थीं, जो उनके पिता को रास नहीं आ रहा था। गुरुग्राम के सेक्टर 57 में सुशांत लोक स्थित दोमंजिला मकान में बृहस्पतिवार को राधिका (25) की उनके पिता दीपक यादव (49) ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। दीपक को शनिवार को अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने सेक्टर 57 में स्थित उसके घर से पांच गोलियां और एक कारतूस बरामद किया है। आरोपित को जांच के तहत उसके गांव पटौदी भी ले जाया गया।



टेनिस खिलाड़ी की दो दिन पहले पिता ने की थी हत्या

मेरे भाई ने बेटी की हत्या करने की बात कबूल ली : राधिका यादव के चाचा

### पिता-पुत्री में था विवाद

पहले पुलिस ने कहा था कि राधिका टेनिस अकादमी चलाती थीं, जो पिता पुत्री के बीच विवाद का विषय बन गया, क्योंकि दीपक को अकसर अपनी बेटी की कमाई पर निर्भर रहने के लिए ताना मारा जाता था। अब पुलिस ने बताया कि आरोपी आर्थिक रूप से संपन्न है। इसलिए वह बेटी की कमाई के ताने सुनने से अवसाद में था। वहीं, राधिका के चाचा विजय यादव ने बताया कि मेरे भाई ने अपनी बेटी की हत्या करने की बात कबूल ली है। वह सजा भुगतने के लिए तैयार है। उसे अपनी गलती का अहसास है।

### अब यह खुलासा

मामले के जांच अधिकारी (आईओ) ने शनिवार को कहा, 'राधिका की अपनी कोई अकादमी नहीं थी। वह अलग-अलग जगहों पर टेनिस कोर्ट बुक करके नए खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देती थीं। दीपक ने कई बार उनसे प्रशिक्षण बंद करने को कहा था, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया था। पिता और पुत्री के बीच तकरार की मुख्य वजह यही थी। दीपक ने अपनी बेटी की गोली मारकर हत्या करने की बात कबूल कर ली है।

### सोशल मीडिया पर दावे

हालांकि ये दावे भी किए गए थे कि दीपक बेटी राधिका की सोशल मीडिया पर मौजूदगी और एक 'इन्फ्लुएंसर' बनने की आकांक्षा से नाराज था। कई लोगों ने दावा किया था कि एक कलाकार के साथ राधिका का संगीत वीडियो उनकी हत्या का कारण बना। हालांकि सेक्टर 56 थाने के निरीक्षक विनोद कुमार ने कहा, 'वीडियो 2023 में अपलोड किया गया था और इसका हत्या से कोई संबंध नहीं है। आरोपित ने बार-बार कहा है कि वह नहीं चाहता था कि उसकी बेटी प्रशिक्षण से कमाई करे।'

# लव मैरिज केस में अवैध वसूली पर डीएसपी के रीडर एएसआई पर केस

**फतेहाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** गांव ढाणी भोजराज में अंतरजातीय लव मैरिज मामले में अवैध वसूली के मामले में राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हिसार थाने में फतेहाबाद के डीएसपी हेड क्वार्टर संजय बिश्नोई के रीडर एएसआई दर्शन सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया गया है। डीएसपी संजय के खिलाफ भी 10 लाख की अवैध वसूली के आरोप लगाकर एसीबी को शिकायत दी गई थी। बता दें कि 31 जनवरी 2025 को युवक-युवती घर से भाग गए थे। दोनों ने 4 फरवरी को विवाह कर लिया। युवक एससी, जबकि युवती जनरल कैटेगरी से है। मामले में पुलिस ने पहले 3 दुकानदारों को पकड़ा। इससे नाराज लोगों ने रोड जाम कर दिया। पुलिस ने 15 फरवरी को गांव के 9 लोगों को नामजद करते हुए 50 पर एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। जांच डीएसपी जयपाल सिंह को दी गई, लेकिन बाद में जांच अधिकारी डीएसपी संजय बिश्नोई को बना दिया गया।

**फतेहाबाद केस**
ऑडियो में रीडर ने डीएसपी को साढ़े 5 लाख देने की बात मानी

### एसीबी को यह दी गई शिकायत

भूना के व्हिसल ब्लोअर नरेश कुमार ने एसीबी को दी शिकायत में कहा कि जांच अधिकारी ने दबाव बनाकर उनसे 10 लाख रुपये ऐंठ लिए। मामले में फंसाने का भय दिखाकर डीएसपी संजय बिश्नोई ने नामजद लोगों से लाखों रुपये मुकदमा रद्द करवाने के नाम पर लिए। इसके बाद आरोपियों पर दर्ज एससी/एसटी एक्ट सहित कई धाराएं हटाकर गिरफ्तार किए गए तीन लोगों को भी डिस्चार्ज कर दिया। डीएसपी के रीडर दर्शन सिंह ने भी 5 लाख रुपये डीएसपी को देने की बात फोन पर कही। जिसकी उसकी रिकार्डिंग भी एसीबी को सौंपी गई है। रिकार्डिंग में दर्शन सिंह साढ़े 5 लाख डीएसपी को दिए जाने बारे कह रहा है। ढाणी भोजराज के ग्रामीणों द्वारा भी पैसा इकट्ठा किए जाने की बात सामने आई। अब एसीबी हिसार ने एएसआई दर्शन सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### दिल्ली में 4 मंजिला इमारत गिरने से छह लोगों की मौत

**नई दिल्ली(भाषा)।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में शनिवार सुबह चार मंजिला इमारत ढहने से दो साल की बच्ची सहित छह लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हुए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इमारत के मालिक, उनकी पत्नी, दो बेटों और दो अन्य लोगों के शव मलबे से निकाले गए और उन्हें जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि आठ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में मतलूब (50), उनकी पत्नी राबिया (46) और दो बेटे जावेद (23) एवं अब्दुल्ला (15) की मौत हो गई। हादसे में 27-वर्षीय जुबिया और उनकी दो-वर्षीय बेटी फोज़िया सहित दो और लोग भी मारे गए हैं। 8 लोग घायल हैं।

*रोहतक पीएचई विभाग में नियम तोड़कर ऑफलाइन वर्क ऑर्डर जारी किए*

# गंगवा का भ्रष्टाचार पर एक्शन : 42 अधिकारी और कर्मचारी चार्जशीट

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** जनस्वास्थ्य आभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचई) में सामने आए टेंडर प्रक्रिया की अनियमितताओं के मामलों को लेकर विभाग के 42 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चार्जशीट किया है। मामला रोहतक पीएचई से जुड़ा है। इनके खिलाफ अब विभागीय जांच होगी। गंगवा ने कहा कि सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। न कामकाज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और न ही भ्रष्टाचार करने वालों को बख्शा जाएगा। शिकायतें मिल रही थी कि नियमों को अनदेखा करते हुए सिविल कार्य करवाएं जा रहे हैं। टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता बरती जा रही हैं। सरकार ने जांच करवाई तो कई गड़बड़ी सामने आई। इस मामले में मंत्री गंगवा ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।



रिटायर्ड और वर्तमान अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध, करोड़ों के टेंडर में गड़बड़ी मिली
■
मंत्री बोले, लापरवाही बर्दाश्त नहीं, भ्रष्टाचार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

### बिना ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया के दिए गए ऑर्डर

जांच में सामने आया है कि विकास कार्यों के वर्क ऑर्डर बिना ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया के ही जारी किए गए हैं। इससे एक तरह से न केवल नियमों की अनदेखी की गई, बल्कि सरकारी खजाने को भी नुकसान हुआ। विभागीय वित्तीय नियमों (डीएफआर) के विरुद्ध जाकर इमरजेंसी कार्य घोषित कर ऑफलाइन कोटेशन पर काम करवाए गए हैं। ये अनियमितताएं उस अवधि में हुई जब सम्बंधित एक अधीक्षण अभियंता (एसई) और कार्यकारी अभियंता (एक्सीएन) कार्यरत थे।

### ऐसे बरती गई अनियमितता

अधिकारियों के कार्यकाल में ऑफलाइन वर्क आर्डर जारी हुए। इनमें रोहतक सब डिवीज़न, सांपला सब डिवीज़न और महम सब डिवीज़न सहित अन्य क्षेत्र शामिल हैं। कुछ ठेकेदारों को एक ही दिन में 10 से अधिक काम सौंपे गए, वह भी सभी कार्य सीमा के पास-पास, जिससे संकेत मिलता है कि यह वर्क आर्डर जानबूझकर विभाजित कर नियमों को दरकिनार किया गया। मामले में अधीक्षण अभियंता और कार्यकारी अभियंता, संबंधित सब डिवीजनल इंजीनियर (एसडीई) और जूनियर इंजीनियर (जेई) तक जांच के दायरे में है।

# पीएम मोदी ने 51,000 से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रोजगार सृजन को लेकर सरकार की योजनाओं पर जोर देते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। मोदी ने 51,000 से ज्यादा नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद एक कार्यक्रम को डिजिटल रूप से संबोधित करते हुए कहा, गरीबों के लिए 4 करोड़ से अधिक घर बनाना, 10 करोड़ से ज्यादा एलपीजी के कनेक्शन वितरित करना या घरों की छत पर सोलर पैनल लगाना जैसी उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं ने रोजगार के अवसर सृजित किए हैं तथा इसी तरह कई अन्य योजनाओं से विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि हुई है। अब पूरी दुनिया भारत की जनसांख्यिकी और लोकतंत्र की ताकत को पहचान रही है। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं की ताकत इसकी सबसे बड़ी पूंजी और देश के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। मोदी ने कहा, आज दुनिया मान रही है कि भारत के पास दो असीमित शक्तियां हैं। एक जनसांख्यिकी, दूसरा लोकतंत्र।



मोदी बोले, 11 साल में देश ने हर क्षेत्र में तरक्की की
■
गरीबों के लिए 4 करोड़ से अधिक घर बनाए


## जंगल की गुफा में दो बेटियों के साथ रह रही रूसी महिला का रेस्क्यू

*बिजनेस वीजा पर भारत आई थी नीना कुटीना*
*गुफा के बाहर कपड़े देख पहुंची पुलिस*

# हिन्दू धर्म व आध्यात्मिक परम्पराओं से प्रभावित होकर गोकर्ण में जमाया डेरा

**कारवाड़/कर्नाटक (एजेंसी)।** कर्नाटक के गोकर्ण में एक अजीब मामला देखने को मिला है। यहां सर्च ऑपरेशन के दौरान एक रूसी महिला नीनी कुटीना अपनी दो बेटियों (6) प्रेया और अमा (4) साल के साथ रामतीर्थ पहाड़ी की चोटी पर एक दुर्गम और खतरनाक गुफा में पाई गईं। गोकर्ण पुलिस ने तीनों को जंगल के अंदर एक अस्थायी घर से रेस्क्यू किया है। महिला की उम्र 40 साल बताई जा रही है। नीनी बिजनेस वीजा पर भारत आई थी। यहां वह हिंदू धर्म और भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं से प्रभावित होकर गोवा होते हुए गोकर्ण पहुंची और यहीं जंगल की गुफा में अपना डेरा जमा लिया। उसके साथ 2 बेटियां प्रेया और अमा भी थीं। इस जंगल के बीचों-बीच बनी गुफा में ये लोग करीब 2 हफ्ते से रह रहे थे। इन लोगों ने गुफा के अंदर एक साधारण घर बना लिया था।





### ऐसे हुआ खुलासा

हाल ही में हुए लैंडस्लाइड के बाद रूटीन पेट्रोलिंग कर रही पुलिस ने गुफा के बाहर कपड़े लटके देखे। तो इस मामले का खुलासा हुआ। अंदर पहुंचने पर टीम को महिला और दो बच्चे मिले। पुलिस हैरान है कि ये लोग जंगल में कैसे जिंदा रहे और उन्होंने क्या खाया। पुलिस ने इस बात पर संतोष जताया कि इनके साथ कोई दुर्घटना नहीं हुई।

### गोवा से पहुंची गोकर्ण

पूछताछ करने पर, कुटीना ने कहा कि वह हिंदू धर्म और आध्यात्मिका से प्रभावित होकर एकांत की तलाश में गोवा से गोकर्ण आई थीं। उन होंने शहरी जीवन की व्यस्तताओं से दूर, ध्यान और प्रार्थना में लीन रहने के लिए जंगल की गुफा में रहने का फैसला किया। भले ही कुटीना के इरादे आध्यात्मिक थे, लेकिन अधिकारी ऐसे माहौल में बच्चों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित थे। रामतीर्थ पहाड़ी, जहां यह गुफा स्थित है, जुलाई 2024 में एक बड़े भूस्खलन की चपेट में आ गई थी। यहां कई जहरीले सापों समेत कई खतरनाक जंगली जानवर रहते हैं।

### 2017 में भारत आई थी

गोकर्ण पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों ने उसका पासपोर्ट और वीजा डॉक यूमेंट बरामद किए हैं। जांच से पता चला कि कुटीना 17 अप्रैल, 2017 तक वैलिड कमर्शियल वीजा पर भारत आई थी। 19 अप्रैल, 2018 को एफआरआरओ पणजी, गोवा की तरफ से उसे एक एग्जिट परमिट जारी किया गया था। रिकॉर्ड से पता चला कि वह बाद में नेपाल चली गई और 8 सितंबर, 2018 को भारत में फिर से दाखिल हो गई। वह कितने समय से भारत में रह रही है, यह स्पष्ट नहीं है।

### प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू

फिलहाल पुलिस ने एक साध्वी के आश्रम में उसके रहने की व्यवस्था की है। उसे गोकर्ण से बेंगलुरु ले जाने और उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए एक लोकल एलजीओ की मदद से रूसी दूतावास से संपर्क किया गया है। औपचारिकताएं शुरू हो गई हैं।

## खबर संक्षेप

### पंजाब सीएम का बयान निंदनीय : बडौली

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली सावन माह के दूसरे दिन शनिवार को कुरुक्षेत्र पहुंचे और यहां संगमेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। बडोली ने मंदिर के महंत विश्वनाथ गिरी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन ने भी बडौली ली को नारियल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। भगवान शिव की पूजा करने के बाद बीजेपी अध्यक्ष ने मीडिया से बातचीत करते हुए पंजाब के सीएम भगवंत मान पर तीखा हमला बोला और भगवत मान की पीएम नरेंद्र मोदी पर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने 140 करोड लोगों के दिल को ठेस पहुंचाई है।

### प्रो. निष्ठा ने चार गोल्ड मेडल से सम्मानित

**चंडीगढ़** | एमसीएम डीएवी महिला कालेज चंडीगढ़ की सहायक प्रोफेसर निष्ठा पत्तआर को उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पूर्व राजनीतिक सलाहकार प्रोफेसर वीरेंद्र की पुत्रवधू को पंजाब विश्वविद्यालय पदक समारोह में वर्ष 2019-2021 के लिए उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया। उन्हें शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए बीकाम अर्थशास्त्र आनर्स में स्वर्ण पदक (2019), एमए अर्थशास्त्र में स्वर्ण पदक (2021), सामाजिक विज्ञान के लिए गाडगिल स्वर्ण पदक (2021) और चंद्र प्रकाश स्वर्ण पदक (2021) मिला है।

### विश्वास फाउंडेशन ने रक्तदान शिविर लगाया

**चंडीगढ़।** गर्मियों की वजह से अस्पतालों में आई रक्त की कमी को पूरा करने के लिए विश्वास फाउंडेशन पंचकूला व इंडियन रेडक्रॉस यूटी चंडीगढ़ द्वारा कार्तिक रेस्टोरेंट के सहयोग से मार्केट सेक्टर 15 डी चंडीगढ़ में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर सुबह 11 बजे शुरू हुआ और दोपहर बाद 4 बजे तक चला। शिविर में 42 ने रक्तदान करने के लिए पंजीकरण करवाया था।

### सीएम मान की भाषा असंसदीय : परमजीत

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष परमजीत सिंह कैंथ ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा प्रधानमंत्री व गृह मंत्री के खिलाफ की गई टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि वह असंसदीय भाषा का प्रयोग कर रहे हैं जिससे मुख्यमंत्री पद की गरिमा को ठेस पहुच रही है और वह अनर्गल खेल खेल रहे हैं तथा भारतीय सभ्यता के विरुद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मान को अपनी अभद्र भाषा के लिए माफी मांगनी चाहिए। कैंथ ने कहा कि मुख्यमंत्री मान असभ्य भाषा का प्रयोग करके क्या साबित करना चाहते हैं।

## पंचकूला में मेधावी छात्र सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने प्रतिभाओं को सराहा

# 10वीं और 12वीं के 275 टॉपर सम्मानित, सीएम बोले विकसित भारत के संकल्प को साकार करें विद्यार्थी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

- 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को 1.11 लाख दिए जाएंगे
- मुख्यमंत्री ने छात्रों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि छात्र देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें नशे से दूर रहते हुए विकसित भारत के निर्माण में प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। मुख्यमंत्री पंचकूला में 10वीं और 12वीं के प्रदेश व जिला स्तर के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी संकायों में प्रदेश स्तर व जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के वाले 275 विद्यार्थियों को सम्मानित किया व उनका हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ढांचागत सुधारों के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में न केवल स्कूली शिक्षा, बल्कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी पिछले साढ़े दस वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की दिशा में कार्य किया है, जिससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें और राज्य में चिकित्सकों की कमी दूर की जा सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 15 जिलों में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हो चुके हैं तथा शेष जिलों में बन रहे है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने बेटियों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर 20 किलोमीटर की दूरी पर डिग्री कॉलेज स्थापित किए हैं।



पंचकूला। मेधावी छात्र सम्मान समारोह को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### स्कूलों को 1415 कलस्टरों में बांटा

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां तक स्कूल शिक्षा से पहले की शिक्षा का सम्बन्ध है। इस क्षेत्र में भी राज्य द्वारा ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में 4081 ऐसी आंगनवाड़ी हैं, जो विद्यालय परिसरों में स्थित है। राज्य में 1418 राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय बनाए गए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य 'नो होमवर्क' वातावरण में छोटे बच्चों के मन से पढ़ाई के भय को दूर करना है। प्रदेश में 138 राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थापित किये हैं। उन्होंने कहा कि इनमें पठन-पाठन का माध्यम अंग्रेजी है। राज्य के विद्यालयों को 1415 कलस्टरों में बांटा गया है। हर साइंस, कॉमर्स, आर्ट्स आदि के स्कूल कलस्टर में प्रत्येक स्ट्रीम सुनिश्चित किए गए हैं। राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विशेष कोचिंग उपलब्ध करवाने हेतु वर्ष 2018 से सुपर-100 कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें उन्हें आई.आई.टी-जेईई/एनईईटी. इत्यादि परीक्षाओं की प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए कोचिंग दी जाती है।

### बच्चे राष्ट्र का भविष्य

मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं। शिक्षा और संस्कारों के माध्यम से हमें उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है, क्योंकि तभी वे जीवन में आने वाली चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सफल जीवन के लिए केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है; बच्चों को नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा भी दी जानी चाहिए, क्योंकि नैतिक मूल्यों से रहित शिक्षा निरर्थक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भावी पीढ़ी को शिक्षित, चरित्रवान, स्वस्थ और दक्ष बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा स्तर तक गुणवत्ता में सुधार और शिक्षा को अधिक रोजगारोन्मुखी बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है।सैनी ने कहा कि हमने पिछले साढ़े 10 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव और प्रगति के लिए कई कदम उठाए हैं। छात्रों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। विद्यालयों में ढांचागत सुविधाएं बढ़ाने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

### नई शिक्षा नीति की लागू

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने निर्णय लिया है कि मेधावी विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। सरकार ने निर्णय लिया है कि 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर पास हुए अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को 1 लाख 11 हजार पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में 21वीं सदी के भारत को ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में नई बुलंदियों पर ले जाने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाई गई है। हमने इस शिक्षा नीति को प्रदेश में वर्ष 2025 तक पूरी तरह लागू करने का लक्ष्य रखा है, हालांकि देश में इसको लागू करने की समयावधि 2040 तक है। नई शिक्षा नीति का एक लक्ष्य छठी कक्षा से ही बच्चों को प्रोफेशनल और स्किल की शिक्षा देना है। हरियाणा में स्कूलों में ही नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के माध्यम से बच्चों को विभिन्न कौशलों में निपुण बनाने की व्यवस्था की है। अब तक 1001 स्कूलों में यह व्यवस्था की जा चुकी है।

### एक लाख घरों की छत्तों पर सोलर सिस्टम लगाने का लक्ष्य : सीएम

**कैथल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को कैथल के गांव प्योदा में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने सर्वप्रथम इस योजना के लाभार्थी के घर की छत पर लगे सोलर रूफटॉप सिस्टम को देखा और इसके लाभ के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में इस योजना की शुरूआत भी कैथल जिले से ही हुई थी और आज उन्होंने स्वयं लाभार्थी के घर पर इस सोलर सिस्टम को देखा है। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश में 1 लाख घरों की छतों पर मुफ्त में 2 किलोवाट के सोलर सिस्टम लगाने का लक्ष्य रखा है।

### निसा ने हिसार में प्रिंसिपल की हत्या पर चिंता जताई

- शिक्षा जगत को झकझोर कर रख दिया : शर्मा

**चंडीगढ़।** हिसार जिले के बांस गांव में स्कूल संचालन कर रहे प्राइवेट स्कूल संचालक जगबीर पानू उनके ही स्कूल में पढ़ने वाले बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी द्वारा स्कूल परिसर में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। जघन्य हत्या का विरोध जताते हुए निसा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण शर्मा ने कहा कि इस घटना ने पूरे शिक्षा जगत को झकझोर कर रख दिया। पूरा देश एक तरफ गुरु पूर्णिमा पर्व को हर्षोल्लास के साथ मना रहा था उसी समय गुरु के शिष्यों ने इस तरह एक गुरु की नृशंस हत्या कर पूरे देश में शोक की लहर फहरा दी। पूरा देश स्तब्ध है कि गुरु शिष्य परम्परा की विरासत वाले देश में समाज आज के समय किस दिशा जा रहा है। अफसोस जनक बात यह है कि न ही प्रदेश सरकार और न ही विपक्षी दलों के द्वारा इतनी बड़ी घटना हो जाने के बाद कोई दो शब्द शोक के लिए व्यक्त नहीं किया गया। मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को हम सभी शिक्षक समाज को यह विश्वास दिलाना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति नहीं होगी।

### कांग्रेस के नेताओं की पीसी, 25 के सम्मेलन का न्योता दिया

- देश में समानता के लिए जातिगत जनगणना जरूरी : अनिल जयहिंद

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय कांग्रेस ओबीसी विभाग चेयरमेन डॉ अनिल जयहिंद और कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव हरियाणा कांग्रेस सह प्रभारी जितेंद्र बघेल ने चंडीगढ़ में पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान पिछड़े वर्ग के नेताओं के साथ में बैठक की 25 जुलाई को दिल्ली में होने वाले सम्मेलन में हिस्सा लेने की अपील की है। दोनों नेताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान की पूर्व संध्या पर कहा था कि संविधान के बाद एक समानता आ जाएगी। सबका वोट समान रुप से समान होगा। लेकिन जो सामाजिक असमानता है, वो दिन में दूर नहीं होगी। जब तक समाज में समानता नहीं आती तब तक देश सपनों का भारत नहीं बनेगा। राहुल गांधी सामाजिक समानता के भरपूर कोशिश कर रहे हैं। सामाजिक आर्थिक असमानता खत्म होनी चाहिए। राहुल गांधी इसलिए कहते हैं जातिगत जनगणना होनी चाहिए। यह समाज का एक्सरे है।जातिगत जनगणना में सिर्फ़ जाति ही नहीं बल्कि यह भी देखा जाएगा कि कौन सी जाति आर्थिक रूप से सामाजिक रुप से कहां पर खड़ी है। राजनीति में उसकी कितनी भागीदारी है।

## एसवाईएल के पानी को लेकर पंजाब सरकार की नीयत ठीक नही : चौटाला



**चंडीगढ़।** एसवाईएल को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा यह कहना कि इसका हल चिनाब के पानी से निकलेगा यह ठीक वैसा है कि ना नो मण तेल होगा और ना राधा नाचेगी। एसवाईएल का पानी हरियाणा को देने पर भगवंत मान की मंशा ठीक नहीं है। इस कहावत को सही ठहराते हुए पंजाब की भगवंत मान सरकार ने विधानसभा में बीबीएमबी संस्थानों की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार द्वारा तैनात की गई सीआईएसएफ के विरोध में प्रस्ताव पारित किया। भगवंत मान ने यह भी कहा कि एसवाईएल का तीन चौथाई पानी पंजाब का है और एक चौथाई हिमाचल का है तो फिर हरियाणा कहां जाएगा, कल को भगवंत मान यह कह देगा कि चंडीगढ़ स्थित सचिवालय और विधानसभा पंजाब का है। भगवंत मान पानी के मुद्दे पर कोरी राजनीतिक कर रहे हैं। भगवंत मान एक तरफ तो हरियाणा को पानी नहीं देने की बात करते हैं। जबकि दूसरी तरफ पाकिस्तान जाने वाले पानी को वो रोकते नहीं हैं। इससे उनकी नीयत का पता चलता है।

# खंभे से करंट लगने के मामलों में केस दर्ज करने के निर्देश

■ गुरुग्राम में वाटर लागिंग व करंट लगने से 8 युवाओं की मौत पर ऊर्जा मंत्री ने चिंता जताई



- अनिल विज ने अधिकारियों को दिए निर्देश
- लापरवाही करने वाले कर्मचारियों को सहन नहीं किया जाएगा

**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने गुरुग्राम में हुए घटनाक्रम में आठ मौतों को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने इस संबंध में आला अफसरों को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी करते हुए जलभराव और बरसात में नंगे तार व करंट से हुई दो युवाओं की मौत के मामले में जांच करने के बाद केस दर्ज कराने कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए हैं। विज द्वारा पूरे मामले में संज्ञान लिए जाने के बाद में ऊर्जा विभाग के लापरवाह अफसरों की नींद हराम हो गई है। ऊर्जा मंत्री ने गुरुग्राम में वाटर लागिंग, बरसात के दौरान 8 युवाओं की मौत के मामले को उठाते हुए इसमें दो युवाओं की करंट से मौत पर चिंता जाहिर करते हुए नंगे तार व करंट से मौत पर चिंता जाहिर की है। सूत्र बताते हैं कि पूरे मामले में उन्होंने ऊर्जा विभाग के आला अफसरों को लिखते हुए पूरे मामले में प्राथमिक जांच करने के साथ ही तुरंत एक्शन लेने का आदेश दिया है, साथ ही लापरवाही करने वाले अफसर और कर्मियों के विरुद्ध केस दर्ज कराने को कहा है।

### किसान की मौत मामले में छह कर्मचारी हो चुके सस्पेंड

प्रदेश के अंदर जहां जहां पर भी नंगे तार और बेहद नीचे हैं, उनको लेकर भी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। करनाल के खेत में युवा किसान की मौत को लेकर भी विज ने कड़ा एक्शन लिया और छह कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताते हैं कि विज ने पूरे प्रदेश में इस तरह के मामलों से बचने को लेकर निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने इस तरह के घटनाक्रम रोकने को लेकर कहा कि पूरे प्रदेश में चेक किया जाए, तारों को ठीक किया जाए। ताकि भविष्य में इस तरह के घटनाओं से बचाव हो सके।

### मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तुरंत कदम उठाने के दिए निर्देश

**चंडीगढ़।** हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण उत्पन्न जलभराव की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा तत्काल और प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार इस चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जनता की सुविधा व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं। नगर निगम, जीएमडीए, लोक निर्माण विभाग और आपदा प्रबंधन की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में पानी निकासी के लिए ड्रेन, अस्थायी पंपिंग स्टेशन और उपकरणों के साथ सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। नालों की सफाई और जल निकासी प्रणाली को सुचारू करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को स्थिति पर निरंतर नजर रखने और त्वरित कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

## कृषि मंत्री ने तीस युवाओं को नियुक्त पत्र सौंपे

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार की रोजगार सृजन योजना के अन्तर्गत देश के 47 शहरों के साथ-साथ इसी श्रृंखला में उत्तर रेलवे के मुख्य कारखाना जगाधरी वर्कशॉप द्वारा यमुनानगर में 16वें रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुमानित 200 नव-नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली शामिल होकर देश के युवाओं को सम्बोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि रोजगार मेला भारत सरकार की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। यह न केवल युवाओं को अवसर देता है, बल्कि युवाओं को सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भी भागीदारी का मार्ग प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने में लगी हुई है।

## प्रेस सेवा पोर्टल से पंजीकरण संबंधित कार्यों में आएगी पारदर्शिता व सुगमता : बावेजा

**चंडीगढ़।** भारत के प्रेस रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार बावेजा ने शनिवार को पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ क्षेत्र के समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं के प्रकाशकों के लिए आयोजित एक हाइब्रिड कार्यशाला की अध्यक्षता की।

यह कार्यशाला यूटी गेस्ट हाउस, चंडीगढ़ में आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य समाचार पत्रों, पत्रिकाओं और अन्य प्रेस से जुड़े पंजीकरण एवं अन्य कार्य संबंधी प्रक्रियाओं में आने वाली समस्याओं का समाधान करना था। इसके अलावा प्रेस सेवा पोर्टल



और प्रेस एवं पत्रिका पंजीकरण अधिनियम, 2023 की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। उन्होंने ने कहा कि प्रेस पोर्टल का उद्देश्य समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं के पंजीकरण, रेगुलेटरी और सर्कुलेशन वेरिफिकेशन से जुड़े प्रक्रियाओं में डिजिटल माध्यम से पारदर्शिता और सुगमता लाना है।

उन्होंने बताया कि प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से प्रकाशक अपने पंजीकरण से संबंधित सभी कार्य ऑनलाइन कर सकेंगे, जिससे समय और धन की बचत के अलावा पारदर्शिता के साथ पंजीकरण प्रक्रिया तेज़ी से पूरी की जा सकेगी। जिससे कार्यक्षमता भी बढ़ेगी और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

**प्रदेश में आदर्श ऑनलाइन तबादला नीति लागू करने का मामला**

# कई विभाग नोडल अफसर नियुक्त करने में सुस्त, मुख्य सचिव ने जताई नाराजगी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

सरकार के विभिन्न विभागों में ऑनलाइन तबादलों को लेकर तैयार की गई आदर्श तबादला नीति को लागू करने के क्रम में राज्य सरकार के मुख्य सचिव ने राज्य सरकार के कुछ विभागों द्वारा नोडल ऑफिसर की नियुक्ति नहीं करने पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने इस संबंध में स्पष्ट आदेश जारी करते हुए साफ कर दिया है कि समयबद्ध तरीके से आदेशों की पालना सुनिश्चित की जाए। राज्य सरकार की ओर से जारी दिशा निर्देशों में कहा गया है कि 18 जुलाई तक सभी विभाग राज्य सरकार की ओर से इस बारे में जारी आदेशों का सौ फीसदी पालन सुनिश्चित करना होगा क्योंकि हरियाणा के ह्यूमन रिसोर्स विभाग की ओर से इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। इस बात पर भी नाराजगी जाहिर की गई है कि कुछ विभागों द्वारा निर्देशों के बाद भी कैडर संख्या और तमाम जानकारी पोर्टल पर अपडेट नहीं की है। राज्य सरकार के मुख्य सचिव ऑफिस की ओर से मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के संबंध में जारी आदेशों की क्रम संख्या और तारीख का उल्लेख करते हुए पालना सुनिश्चित करने को कहा है। इस बारे में विभिन्न विभागों के प्रशासकीय सचिवों और सभी विभागों के मुखिया अधिकारियों को लिखित पत्र 11 जुलाई को भेजा है।

### 23 को नोटिफिकशन हुआ था

इस पत्र में 26 जून के पिछले पत्र का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि राज्य सरकार की ओर से मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लागू करने का फैसला लिया है। जिसके लिए 23 मई 2025 को एक नोटिफिकेशन भी जारी की गई थी।



राज्य सरकार के निर्देशों के अनुसार हर विभाग में एक नोडल ऑफिसर की नियुक्ति ग्रुप ए और ग्रुप बी अधिकारियों और कर्मियों के लिए की जानी थी। जिसके लिए दो सप्ताह का समय दिया गया था। हर एक विभाग को अपना-अपना कैडर, कर्मचारियों अधिकारियों की संख्या, उनका उनका न्यूनतम, अधिकतम कार्यकाल तमाम जानकारियां निर्धारित पोर्टल पर भरनी थी। कुछ विभाग मामले में बेहद सक्रिय होकर आगे बढ़े हैं जबकि कई विभागों ने राज्य सरकार की ओर से जारी आदेशों की पालन करने के बजाय सुस्ती दिखाई है। हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव ऑफिस की ओर से इस संबंध में नाराजगी जाहिर करते हुए एक बार फिर निर्देश जारी किए हैं। राज्य सरकार का ह्यूमैन रिसोर्स विभाग एचआरडी इसकी मॉनिटरिंग कर रहा है। निर्देशों में कहा गया है कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लागू करने के लिए जिन विभागों ने संयुक्त निदेशक स्तर के अधिकारी को नोडल ऑफिसर नियुक्त नहीं किया है, वो इसको तत्काल करें और प्रशासकीय सचिव पालना सुनिश्चित कराएं। साथ ही ब्योरा तैयार करने के बाद इसको पोर्टल पर डाला जाए।

### एचआरएमएस पोर्टल अपडेट नहीं किया

सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने प्रदेश के उन विभागों और अधिकारियों के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं, जिन्होंने अभी तक नोडल अफसर की नियुक्ति नहीं की है। इस संबंध में एचआरएमएस पोर्टल पर अपडेट भी नहीं किया है। सुस्त और लापरवाह विभागों की बात करें तो रजिस्टर सहकारी समितियां इसके अलावा हरियाणा पब्लिक वर्क्स बिल्डिंग और रोड विभाग, राज्य वन विभाग, हरियाणा सेकेंडरी एजुकेशन के साथ-साथ हरियाणा एलिमेंट्री एजुकेशन और अर्बन लोकल बॉडी चीफ इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर जैसे विभागों में कोई नोडल ऑफिसर नियुक्त नहीं किया है। जिस पर निर्देश जारी करते हुए पालन करने के स्पष्ट आदेश दिए गए हैं।

### विभाग प्रमुखों पर जिम्मेदारी

इस क्रम में विभागों की बात करें, तो विभाग प्रमुख और प्रशासनिक सचिवों में अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राज्यपाल के पास आयुष और स्वास्थ्य विभाग परिवार कल्याण, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, महिला कल्याण विभाग शामिल हैं। इसके अलावा डॉक्टर सुमित मिश्रा के पास पुलिस और लीगल मामले और कैदियों संबंधित विभाग हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी के खुद के पास ट्रेजरी और अकाउंट्स इकोनॉमिक्स और स्टैटिसटिकल एनालिसिस, लोकल ऑडिट डिपार्मेंट हैं। आनंद मोहन शरण वरिष्ठ आईएएस के पास वन विभाग और डॉ राजशेखर वुंदरू के पास मत्स्य विभाग की जिम्मेदारी है। इस क्रम में विनीत गर्ग के पास उच्च शिक्षा के साथ साथ में. प्राथमिक शिक्षा, सेकेंडरी एजुकेशन के अलावा तकनीकी शिक्षा भी शामिल हैं। इन अधिकारियों में जी अनुपमा के पास सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण के अलावा एससी-एसटी और बीसी वेलफेयर और समाज कल्याण का जिम्मा है। एसीएस अपूर्व कुमार सिंह के पास में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के साथ-साथ ऊर्जा विभाग का जिम्मा भी है। एसीएस अनुराग अग्रवाल अतिरिक्त मुख्य सचिव के पास पब्लिक वर्क्स बिल्डिंग और रोड के साथ साथ में सिंचाई और जल संसाधन विभाग की जिम्मेदारी भी है। विजेंद्र कुमार के पास रजिस्ट्रार सहकारी समितियां विभाग है। डी सुरेश के पास खाद एवं आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों की जिम्मेदारी है। राजीव रंजन के पास रोजगार, ईएसआई और हेल्थ केयर, स्किल डेवलपमेंट और इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग डिपार्टमेंट, श्रम विभाग भी उनके पास है। आईपीएस अधिकारी नवदीप सिंह विर्क के पास खेल और यूथ कल्याण मामले हैं। पंकज अग्रवाल के पास कृषि और हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट है। विकास गुप्ता के पास फायर सर्विसेज और अर्बन लोकल बॉडी विभाग हैं। विजय सिंह दहिया के पास में पशुपालन विभाग, प्रिंटिंग व स्टेशनरी विभाग का जिम्मा है। टीएल सत्य प्रकाश के पास खनन के अलावा राज्य परिवहन कंट्रोलर, परिवहन विभाग की जिम्मेदारी है।

# स्वीडन में होने वाले गोथिया कप के लिए खिलाड़ी रवाना, खेलमंत्री ने भरा जोश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- स्वीडन दूतावास में पहुंचे थे प्रदेश के खेलमंत्री गौतम

नई दिल्ली स्थित स्वीडन एम्बेसी में हरियाणा अंडर-15 महिला टीम और भारत स्पेशल ओलंपिक के खिलाड़ियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ये खिलाड़ी 13-19 जुलाई को स्वीडन के गोथेनबर्ग में होने वाले दुनिया के सबसे बड़े युवा फुटबॉल टूर्नामेंट गोथिया कप 2025 में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश के खेल युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता तथा कानून एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सपनों को उड़ान दें

इस मौके पर खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि यह सिर्फ खेल नहीं, भारत की बेटियों और खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, जुनून और समर्पण का प्रदर्शन है। खेल सीमाएं नहीं मानते बल्कि ये सपनों को उड़ान देते हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेहतरीन खेल नीतियों की बदौलत आज देश के खिलाड़ी ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों समेत कई अंतरराष्ट्रीय खेलों में उच्च कोटि का प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। इस मौके पर अधिकारी भी मौजूद रहे।



### प्रदेश के खिलाड़ियों को देश में जलवा

उन्होंने कहा कि आज हरियाणा के खिलाड़ियों का विश्व स्तर पर डंका बज रहा है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के खेल के क्षेत्र में युवाओं को बेहतरीन सुविधाएं देने के साथ-साथ करोड़ों रुपए की पुरस्कार राशि और सरकारी नौकरियां उपलब्ध करवाने की बदौलत हो पा रहा है।खेल मंत्री गौरव गौतम ने इन खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अच्छा खेलो, मुस्कराओ और अपने देश का तिरंगा लहराओ। इस अवसर पर डॉ. मल्लिका नड्डा, यान थेस्लेफ़ समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### गाय को रोटी खिलाने जा रहे बुजुर्ग पर सांडों का हमला

**टोहाना।** शहर में इन दिनों सड़कों पर घूम रहे सांडों का आतंक बढ़ता जा रहा है। शनिवार सुबह भुना रोड स्थित गोशाला के पास दो सांडों ने बुजुर्ग पर हमला कर दिया। यह वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घायल बुजुर्ग को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने के कारण हिसार रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 75 वर्षीय रामबिलास गाय को रोटी खिलाने जा रहे थे। इसी दौरान दो सांडों ने उन पर हमला कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने बुजुर्ग को बचाया। उन्हें तुरंत टोहाना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बोलेरो की टक्कर से डिलीवरी ब्वाय की मौत

**गुरुग्राम।** राजेंद्रा पार्क थाना एरिया में तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार डिलीवरी ब्वाय की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। दरअसल, उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के दखनाई गांव के रहने वाले 26 वर्षीय शिवमकांत गुड़गांव में रहता था। वह ब्लिंकिट कंपनी में डिलीवरी ब्वाय का काम करता था। शुक्रवार रात करीब नौ बजे बाइक लेकर द्वारका एक्सप्रेसवे पर जा रहा था।

### गुरुग्राम में करंट लगने से दो लोगों की मौत

**गुरुग्राम।** थाना एरिया में करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। जिनमें से एक को आटा चक्की चलाने के दौरान करंट लगा। जबकि दूसरे को घर में ही करंट लग गया। डीएलएफ फेज-1 थाना एरिया के गांव ग्वालपहाड़ी निवासी मूली उर्फ मलविंद्र सुबह करीब 7 बजे आटा चक्की पर गेहूं पीस रहा था। करंट उतर आया और जैसे ही मलविंद्र का हाथ चक्की से टच हुआ तो करंट लगने से वह वहीं पर बेहोश हो गया। एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे मामले में सेक्टर-65 एरिया में एक 21-22 साल का युवक को घर में ही करंट लग गया।

### लोन पास कराने के नाम पर हजारों की ठगी

**गुरुग्राम।** मानेसर साइबर क्राइम थाना एरिया में जालसाजों ने क्रेडिटबी से लोन पास कराने के नाम पर एक युवक से 62,885 रुपए की ठगी कर ली। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में भोड़ाकलां निवासी मनोज कुमार ने बताया कि 26 जून को उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई थी।

### खड़ी कैंटर में घुसी कार गाड़ी के उड़े परखच्चे

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सेक्टर-31 के पास फ्लाईओवर पर खड़े कैंटर में स्विफ्ट कार घुस गई। जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को क्रेन की मदद से बाहर निकाला। कैंटर खड़ा करके जाने वाले चालक की तलाश कर रही है। वहीं कार चालक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

### एसपी अमित यशवर्धन सुबह 4.30 बजे जींद रोड पर नाके लगाकर कर रहे थे चेक

# ड्यूटी पर शराब पीकर सो रहे एएसआई समेत चार पुलिस कर्मी लाइन हाजिर, तीन एसपीओ बर्खास्त

- ड्यूटी के दौरान सो रहे कर्मचारियों को जगाया गया तो एसपीओ चमनलाल के मुंह से शराब की बदबू आ रही थी
- कोई भी कर्मचारी शराब का सेवन या गैर हाजिर मिलता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई कार्रवाई होगी


एसपी अमित यशवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी/नारनौंद

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने ड्यूटी के दौरान शराब पीकर सो रहे एएसआई समेत सात पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की है। कार्रवाई के तहत एएसआई सहित चार पुलिस कर्मचारियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है वहीं तीन एसपीओ को बर्खास्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने शुक्रवार को सुबह करीब 4.30 बजे जींद रोड स्थित राजथल गांव में लगाए गए नाके को चेक किया था। नाके पर तैनात हवलदार यशवंत, हवलदार सुरेंद्र तथा एसपीओ चमनलाल सोए हुए मिले। ड्यूटी के दौरान सो रहे कर्मचारियों को जगाया गया तो एसपीओ चमनलाल के मुंह से शराब की बदबू आ रही थी।

इसी दौरान पुलिस अधीक्षक ने जींद रोड पर लगाए नाके को सुबह करीब 4.30 बजे चेक किया तो नाके पर तैनात एसआई सूरजभान, हवलदार जोगिंद्र, एसपीओ रामनिवास व एसपीओ ईश्वर नाके पर हाजिर नहीं मिले। जब नाके पर तैनात पुलिसकर्मियों को तलाश किया तो ये सभी नाके के पास बने एक कमरे में सो रहे थे। जब ड्यूटी पर सो रहे कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक ने जगाया गया तो एसपीओ ईश्वर के मुंह से शराब की बदबू आ रही थी। उसने ड्यूटी के दौरान व वर्दी में शराब का सेवन कर हरियाणा सरकार के निर्देशों की अवहेलना की है।

#### अनुशासनहीनता पर कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने शनिवार को बताया कि इन पुलिस कर्मियों ने ड्यूटी के दौरान अपने कर्तव्य का निर्वहन न करते हुए अनुशासनहीनता व लापरवाही का परिचय दिया है। इसलिए इनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए एसआई सूरजभान, हवलदार जोगिंद्र, हवलदार यशवंत, हवलदार सुरेन्द्र को तुरंत प्रभाव से लाइन हाजिर कर विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। एसपीओ रामनिवास, एसपीओ ईश्वर व एसपीओ चमनलाल को तुरंत प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

#### एसपी ने पुलिस कर्मियों को चेताया

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने सभी थाना प्रभारियों व चौकी इंचार्जों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में आने वाले नाके, पीसीआर व राइडर की निरंतर चेकिंग करेंगे। चैकिंग के दौरान कोई भी कर्मचारी शराब का सेवन या गैर हाजिर मिलता है तो उसके खिलाफ तुरंत विभागीय कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

---

# नशे में धुत पुलिसकर्मी का वीडियो वायरल

### करनाल: दुकानदार को धमकाने पहुंचा पुलिसकर्मी

- महिलाओं से की अभद्रता, पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

शहर के प्रेमनगर क्षेत्र की एक फड़ी सब्जी मंडी में नशे में धुत एक ऑन ड्यूटी पुलिसकर्मी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शुक्रवार शाम से वायरल हो रहे इस वीडियो में पुलिसकर्मी नशे की हालत में लड़खड़ाता हुआ नजर आ रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि उक्त पुलिसकर्मी न तो ठीक से खड़ा हो पा रहा है और न ही बोल पा रहा है। आरोप है कि उसने महिलाओं और ग्राहकों से अभद्रता और अशोभनीय व्यवहार किया, जिसे देख वहां मौजूद एक दुकानदार ने उसका वीडियो बना लिया। दुकानदार का आरोप है कि पुलिसकर्मी का व्यवहार महिलाओं के प्रति बेहद आपत्तिजनक था। इस पर दुकानदार ने उसे टोका और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जो कुछ ही घंटों में कई लोगों तक पहुंच गया। पुलिसकर्मी ई-ड्यूटी पर तैनात था और मंडी में सब्जी लेने गया था। उसने एक फड़ी से सब्जी उठाई, लेकिन उसकी हालत और हरकतों को देखकर दुकानदार ने आपत्ति जताई।

#### अभी तक कोई शिकायत नहीं आई

मामला शुक्रवार का है और वीडियो में नजर आ रहे पुलिसकर्मी की ड्यूटी कहां थी, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिसकर्मी के परिजनों को बुलाया गया और समझाने के बाद उन्हें उसे सौंप दिया गया। एसएचओ के अनुसार, इस मामले में अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई शिकायत नहीं आई है। **-महावीर**, रामनगर थाना प्रभारी

---

### कॉलम के लिए खोदे गड्ढे में मिट्टी ढही, एक वर्षीय बच्चे की मौत

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सेक्टर-46 में एक निर्माणाधीन मकान में कॉलम के लिए खोदे गए गड्ढे में मिट्टी ढह गई, जिसमें दो बच्चे दब गए। दोनों बच्चों को नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में पहुंचाया गया, जहां एक वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि दूसरा सुरक्षित बचा लिया गया। इस संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-50 थाना प्रभारी ने बताया कि सेक्टर-46 में एक मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। जहां मध्यप्रदेश के रहने वाले लेबर व मिस्त्री काम कर रहे थे। उनके दो बच्चे एक तीन वर्षीय व एक वर्षीय दोनों गड्ढे में लेटे हुए थे। कॉलम के लिए खोदे गए गड्ढे की मिट्टी अचानक ढह गई और बच्चों के ऊपर आग गिरी, जिससे दोनों बच्चे दब गए।



### स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में करनाल निगम को मिला राष्ट्रपति पुरस्कार, 17 को समारोह

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी सम्मानित

**करनाल।** भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में करनाल नगर निगम ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त किया है। यह सम्मान करनाल को केंद्रीय शहरी विकास एवं आवासन मंत्रालय द्वारा स्वच्छता में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए दिया गया है। इस तरह करनाल हरियाणा का पहला नगर निगम बन गया है जिसे यह राष्ट्रीय स्तर का सर्वोच्च पुरस्कार मिला है। स्वच्छता पुरस्कार समारोह 17 जुलाई को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित होगा, जिसमें महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नगर निगम करनाल को यह सम्मान प्रदान करेंगी। वहीं, नगर निगम सोनीपत को राज्य स्तरीय स्वच्छता कार्यों के लिए मंत्री पुरस्कार मिला है।

### केशुपुरा शराब उप ठेका बंद करवाने की मांग पर मिली धमकी

**सिरसा।** जिला के गांव केशुपुरा में शराब का उप ठेका बंद किए जाने की मांग करने वाले व्हीस्ल ब्लोअर प्रो. करतार सिंह को अनजान व्यक्ति द्वारा धमकी देने का मामला सामने आया है। अग्रसेन कालोनी निवासी प्रो. करतार सिंह ने सीएम, मुख्य सचिव, गृह सचिव, डायरेक्टर सीबीआई, डायरेक्ट एसीबी, डीजीपी हरियाणा सहित आला अधिकारियों को शिकायत प्रेषित की है। शिकायत में बताया गया है कि गांव केशुपुरा में नियम विरुद्ध शराब का उपठेका संचालित किया जा रहा है। इस शराब ठेका को लेकर पहले भी ग्रामीणों द्वारा ऐतराज किया गया था। ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित कर इसे बंद करने का आग्रह किया गया था। लेकिन विभाग ने अनसुना कर दिया था। जिस पर हाईकोर्ट की शरण लेनी पड़ी।

---

### जींद-रोहतक बॉर्डर नहर के पास सात जुलाई को हुई थी वारदात

# जींद में पुलिस ने सुलझाई ज्वेलर्स से 50 लाख लूट की गुत्थी, तीन आरोपित दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

जींद-रोहतक बॉर्डर नहर से गत सात जुलाई को गांव पौली की तरफ ज्वेलर्स से हुए पचास लाख कीमत के गहनों की लूट की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गुत्थी को सुलझाने के लिए पांच पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जिसमें एक टीम रोहतक पुलिस की भी शामिल थी। हालांकि जुलाना थाना पुलिस ने ज्वैलर्स की शिकायत पर तीन बाइकों पर सवार अज्ञात लुटेरों के खिलाफ लूट, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया था।


पुलिस गिरफ्त में दोनों आरोपित।

डीएसपी संजय ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि आरोपितों की पहचान जुलाना निवासी सुमित, जुलाना निवासी हरिओम, बुढाखेड़ा का जतिन के रूप में हुई। तीनों आरोपितों को जुलाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। साइबर और सीसी टीवी की मदद से इन्हें गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आरोपितों को अदालत से रिमांड पर लेकर अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ करेगी।

#### रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी

ज्वैलर्स अनिल रोहतक से वापस जींद आ रहे थे तो पौली नहर के पास दो बाइकों पर सवार चार लड़कों ने बाइक में सीधी टक्कर मारी और ज्वैलर्स के पास बैठ छीन कर फरार हो गए। पुलिस आरोपितों को अदालत से रिमांड पर लेकर अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ करेगी। हरिओम वासी जुलाना पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज है जबकि सुमित वासी जुलाना पर लड़ाई-झगड़े का मामला दर्ज है। -संजय, डीएसपी

---

### फतेहाबाद में विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

# पुलिस ने फर्जी वीजा कम्पनी के निदेशक को दबोचा, अन्य सदस्यों की जा रही तलाश

- पुलिस ने बैंक ट्रांजेक्शन, कॉल रिकॉड्र्स, डिजिटल पेमेंट स्क्रीनशॉट और अन्य तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर जांच बढ़ा रही है आगे


ऑस्ट्रेलिया पढ़ाई के लिए भेजने के नाम पर ठगी की गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस द्वारा आर्थिक अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आर्थिक अपराध शाखा को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है, जिसमें विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतबीर सिंह उर्फ संदीप सिंह पुत्र राजविंदर सिंह निवासी लुधियाना, पंजाब के रूप में हुई है। आरोपी को आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद की टीम द्वारा दबोच कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। यह कार्रवाई गांव खाबड़ा खुर्द निवासी 73 वर्षीय बुजुर्ग सुभाष की शिकायत के आधार पर की गई, जिन्होंने आरोप लगाया कि उनके पौत्र को ऑस्ट्रेलिया पढ़ाई के लिए भेजने के नाम पर सात लाख से अधिक की ठगी की गई। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ कि पीड़ित परिवार ने वीएसएस वीजा स्पोर्ट सर्विसस नामक एक कथित वीजा कंपनी से इंटरनेट के माध्यम से संपर्क किया। कंपनी ने शुरुआत में 10 हजार प्रोसेसिंग फीस, बाद में 6 लाख 55 हजार आरटीजीएस के माध्यम से और 38 हजार रुपये क्रेडिट कार्ड के माध्यम से वसूले। जब पीड़ित पक्ष चंडीगढ़ स्थित कार्यालय पहुंचा तो वहां ताले लटके मिले और कंपनी प्रतिनिधियों के मोबाइल फोन बंद पाए गए। जब पीड़ित ने दोबारा संपर्क साधा, तो उसे झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकियां तक दी गई। इस पर पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी निरीक्षक संदीप ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सतबीर सिंह उक्त फर्जी वीजा कंपनी का निदेशक है और इस फ्रॉड नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्यों की भी पहचान की जा चुकी है।

---

**उपलब्धि** | हरियाणा के लाल नरेंद्र कुमार ने रच दिया नया इतिहास

**चोटी माउंट एल्ब्रुस की चढ़ाई 5,642 मीटर**

# यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर फहराया तिरंगा

- पर्वतारोही नरेंद्र कुमार का अगला लक्ष्य विश्व की 14 सबसे ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराना है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा के लाल हिसार जिले के गांव मिंगनी खेड़ा के बेटे पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने दुनिया की सबसे दुर्गम और यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर शनिवार सुबह अपनी चढ़ाई पूरी करके भारतीय तिरंगा फहराया है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने अपनी इस उपलब्धि से हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देशवासियों को गौरवान्वित किया है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने दुनिया की सबसे दुर्गम और यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस जिसकी चढ़ाई 5,642 मीटर है, पर तिरंगा झंडा फहराने के साहसी अभियान की शुरुआत 7 जुलाई को शुरू किया और अपनी इस माउंटेनियरिंग को शनिवार को सुबह साढ़े पांच बजे तिरंगा फहराया। उनकी इस उपलब्धि के लिए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने अपनी शुभकामनाएं दी। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने अपनी माउंटेनियरिंग की यात्रा 2019 में अटल बिहारी इंस्टीट्यूट, मनाली से बेसिक कोर्स से शुरू की थी, और इसे 2021 में हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट, दार्जिलिंग में एडवांस कोर्स से आगे बढ़ाया। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार के पिता, सुभाष चंद्र, जो एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर के पद से रिटायर हैं, ने हमेशा उनका समर्थन किया है।


**हिसार।** यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर तिरंगा फहराते पर्वतारोही नरेंद्र कुमार।

#### महत्वपूर्ण उपलब्धियां

पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने इससे पहले पर्वतारोहण में कई राष्ट्रीय और विश्व स्तरीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनमें हाल ही 2025 में विश्व की सबसे खतरनाक चोटियों में से एक माउंट अन्नपूर्णा जिसकी ऊंचाई 8,091 मीटर है, पर तिरंगा झंडा फहरा कर हरियाणा का पहला पर्वतारोही बनने का गौरव हासिल करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की थी। माउंट किलिमंजारो पर 5 दिनों में 2 बार चढ़ाई करके विश्व रिकॉर्ड बनाना शामिल है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार हरियाणा के पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने माउंट ल्होत्से (8516 मीटर) पर चढ़ाई की है और 15 अगस्त 2021 को आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में माउंट युनम पर 151 फीट लंबा और 9 फीट चौड़ा भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार अपने कीमती समय में से समय निकाल कर बच्चों को माउंटेनियरिंग और एडवेंचर के प्रति प्रेरित करते हैं और बच्चों को करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार का अगला लक्ष्य विश्व की 14 सबसे ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराना है।




## गृहमंत्री शाह ने तिरुवनंतपुरम में भाजपा के कार्यालय का किया उद्घाटन

# एलडीएफ-यूडीएफ ने राज्य को बनाया राष्ट्र विरोधी ताकतों के लिए 'सुरक्षित' पनाहगाह

### मजबूत दक्षिणी राज्यों के विकास के बिना विकसित भारत बनाना असंभव



केरल सरकार पर जमकर साधा निशाना

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में भाजपा की प्रदेश समिति के नए कार्यालय मराजी भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में एनडीए केरल में सरकार बनाने के लिए 2026 का केरल विधानसभा चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि कई अन्य राज्यों की तरह भाजपा तमिलनाडु में भी सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि अगर जनता केरल में बदलाव चाहती है तो एलडीएफ (लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट) या यूडीएफ (यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) के बजाय बदलाव लाने के लिए राजग और भाजपा को वोट दें। शाह ने केरल में अपने विरोधियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि एलडीएफ, यूडीएफ सरकारों ने केरल को राष्ट्र विरोधी ताकतों के लिए पनाहगाह बना दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत दक्षिणी राज्यों के विकास के बिना विकसित भारत बनाना संभव नहीं है। केरल में भाजपा का मुख्यमंत्री बनाने से ज्यादा महत्वपूर्ण पार्टी कार्यालय को विकसित केरल का केंद्र बनाना है।

### 'विकसित केरलम' मिशन का 'लोगो' 'मोटो' जारी किया

केरल में पार्टी के नए प्रदेश कमेटी कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद शाह ने पुथरीकंदम मैदान में वार्ड स्तरीय नेतृत्व बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबंधित करने से पहले पार्टी के 'विकसित केरलम' मिशन का 'लोगो' और 'मोटो' भी जारी किया।



### 'मरारजी भवन' में पुष्पांजलि भी दी

शाह ने इस वर्ष होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों और अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के अभियान की शुरुआत करने से पहले भाजपा की प्रदेश कमेटी के नए कार्यालय 'मरारजी भवन' का उद्घाटन किया। शाह ने भाजपा की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष केजी मरार की आवक्ष कांस्य प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

#### गृहमंत्री शाह का सीएम विजयन पर हमला

### एलडीएफ सरकार भ्रष्ट, विकास के नाम पर यहां हो रहे घोटाले दर घोटाले

शाह ने सीएम पिनाराई विजयन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केरल की एलडीएफ सरकार भ्रष्ट है। राज्य में खूब घोटाले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि केरल में एलडीएफ (लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट) और यूटडीएफ (यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) का ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्ट सरकार का रहा है। एलडीएफ ने विस्फोटक घोटाला, सहकारी बैंक घोटाला, एआई कैमरा घोटाला, लाइफ मिशन घोटाला, पीपीई किट घोटाला और भारत का सबसे बड़ा सोना तस्करी घोटाला किया।

### यहां के विकास के लिए पीएम मोदी ने दिए 3 मंत्र

उन्होंने कहा कि भाजपा और माकपा दोनों ही कैडर-आधारित पार्टियां हैं, लेकिन दोनों में बड़ा अंतर है। केरल में कैडर कल्याण राज्य के विकास से बड़ा है, जबकि भाजपा के लिए कैडर से ऊपर विकसित केरलम है। उन्होंने कहा कि केरल के विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी के तीन मुख्य दृष्टिकोण हैं कि भ्रष्टाचार मुक्त शासन, सरकारी योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं और राजनीतिक लाभ से परे केरल का विकास। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन को अन्य राजनीतिक दलों के सार्वजनिक समारोहों जितना ही बड़ा बना दिया है और यह केरल में भाजपा के भविष्य का प्रतीक है।

### 'विकसित केरलम' से बनेगा विकसित भारत' का रास्ता

शाह ने कहा कि भाजपा के लिए सरकार में मुख्यमंत्री रखने से ज्यादा महत्वपूर्ण यह सुनिश्चित करना है कि यहां उसका राज्य कार्यालय विकसित केरलम का केंद्र बने। विकसित भारत' का रास्ता 'विकसित केरलम' से होकर ही जाता है। अब से भाजपा का मूल उद्देश्य विकसित केरलम होगा।

### देश 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त होगा

शाह ने कहा कि भारत 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। आतंकवाद का जवाब पीएम मोदी और भाजपा के अलावा कोई नहीं दे सकता। हमने उरी हमले का जवाब सर्जिकल स्ट्राइक से, पुलवामा हमलों का जवाब एयर स्ट्राइक से, ऑपरेशन सिंदूर से घर में घुस के मारा से दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने केरल के लिए कांग्रेस सरकार द्वारा जारी धनराशि से कई गुना ज़्यादा धनराशि जारी की है। मैं भाजपा मुख्यालय के माध्यम से इसके बारे में हर विवरण सार्वजनिक रूप से जारी करूंगा।

## मेक्सिको और यूरोपीय संघ पर फूटा यूएस राष्ट्रपति ट्रंप का टैरिफ बम

# 30 प्रतिशत टैक्स लगाने का किया ऐलान, 1 अगस्त से हो जाएगा लागू

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को मेक्सिको और यूरोपीय संघ पर अपना टैरिफ बम फोड़ दिया है। ट्रंप ने मेक्सिको और यूरोपीय संघ के लिए नए टैरिफ को लेकर पत्र जारी किया है। उन्होंने घोषणा की है कि अगले महीने की शुरुआत से यानी 1 अगस्त से मेक्सिको और यूरोपीय संघ से इंपोर्ट होने वाले सभी सामानों पर अमेरिका में 30 प्रतिशत टैरिफ लागू किया जाएगा जो अन्य सभी सेक्टोरल टैरिफ से अलग होगा।



### मेक्सिको ने पर्याप्त मदद नहीं की

डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको के राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम पार्डो को भेजे गए पत्र में लिखा कि मेक्सिको ने अमेरिका में अवैध प्रवासियों और 'फेंटेनाइल' के प्रवाह को रोकने में मदद की है। हालांकि, मेक्सिको ने उत्तरी अमेरिका को 'नार्को-तस्करी के मैदान' में बदलने से रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं। ट्रंप ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन को भेजे पत्र में लिखा कि जो सामान उच्च दरों पर बचने के लिए ट्रांसशिप की जाएगी, उन पर उतना ही उच्च टैरिफ लागू किया जाएगा।

#### क्यूबा के राष्ट्रपति पर लगाया बैन

*अमेरिका ने शुक्रवार को क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल, रक्षा मंत्री आल्वारो लोपेज मिएरा और गृह मंत्री लाजारो अल्वारेज कासास पर मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप में प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिका ने इन नेताओं की वीजा तक पहुंच भी सीमित कर दी है। यह कदम जुलाई 2021 में हुए क्यूबा के बड़े विरोध प्रदर्शनों की वर्षगांठ पर उठाया गया है।*

### यूनेस्को की सूची में शामिल हुए 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' किले

**नई दिल्ली।** यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) ने पेरिस में आयोजित अपने 47वें सत्र में शुक्रवार को भारत के 12 किलों को प्रतिष्ठित सूची में शामिल किया, जो मराठा शासकों द्वारा परिकल्पित असाधारण किलेबंदी और सैन्य प्रणाली का प्रतिनिधित्व करते हैं। मराठा शासकों के किले और दुर्ग के समूह को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने की चुनौतियों से निपटने में कई पन्नों के दस्तावेज, एक कॉफी-टेबल बुक और उत्साही अभियान ने अहम भूमिका निभाई। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) में भारत के राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि, विशाल वी. शर्मा ने विश्व धरोहर सूची में 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' को शामिल किए जाने के बाद कहा कि यह न केवल भारत के लिए, बल्कि विशेष रूप से दुनिया भर के मराठी लोगों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। मराठों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने मान्यता देकर सम्मानित किया है।

### पीएम मोदी के भारत को लेकर दृष्टिकोण पर गोयल ने कहा- 'पड़ोसी की ईर्ष्या, मालिक का अभिमान'

**मुंबई (भाषा)।** केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को लेकर दृष्टिकोण को दर्शाने के लिए एक टेलीविजन ब्रांड की मशहूर पंक्ति 'पड़ोसी की ईर्ष्या, मालिक का गौरव' का उल्लेख किया। केंद्रीय मंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत को गौरवान्वित और विश्व स्तर पर प्रशंसित बनाने के लिए दृढ़ हैं, जिससे सभी को ईर्ष्या होगी। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत को विश्वस्तर पर गौरवान्वित और प्रशंसित बनाने के लिए दृढ़संकल्पित हैं, जिससे हर कोई ईर्ष्या करेगा। गोयल ने कहा, "हम एक ऐसा राष्ट्र बनाना चाहते हैं जिसे दूसरे ईर्ष्या से देखें और हमें गर्व से भर दें। क्या आपको वह टीवी विज्ञापन याद है जिसकी 'टैगलाइन' थी, 'पड़ोसी की ईर्ष्या, मालिक का अभिमान'? प्रधानमंत्री मोदी इसी तरह के भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके शासन ने देश के युवाओं के लिए स्व-रोजगार और उद्यमिता से लेकर स्टार्टअप और व्यावसायिक उपक्रमों तक, सभी क्षेत्रों में अवसरों के द्वार खोले हैं।"उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया (भारत में विनिर्माण करो), आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया या डिजिटल इंडिया जैसी योजनाएं भारत को दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने में मदद कर रही हैं। मुंबई उत्तर से लोकसभा सांसद गोयल ने कहा, "हमारे युवा देश की अर्थव्यवस्था से तेजी से जुड़ रहे हैं। भारत अब दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अगले ढाई सालों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। इस उपलब्धि के पीछे युवाओं की ही भूमिका होगी। यही प्रधानमंत्री मोदी का आज दिया गया मुख्य संदेश है।

**कार्यालय, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, खोल।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड खोल हेतू मनरेगा (सोशल ऑडिट कैलेन्डर अनुसार) करवाने हेतू Block Resource Person की नियुक्ति प्रति कार्यदिवस राशि 750/- रूपये के मानदेय के आधार पर की जानी है। प्रति वर्ष कार्यदिवसों की संख्या का निर्धारण जारी (सोशल ऑडिट कैलेन्डर अनुसार) होगा। अभ्यर्थी स्नातक हो, कंप्यूटर एम०आई०एस० का ज्ञान सहित Android Mobile प्रयोग में सक्षम हो। पहले कार्यरत वी०आर०पी० सोशल ऑडिट को वरीयता दी जायेगी। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप व शर्ते अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पट्ट से प्राप्त ही जा सकती है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन खण्ड विकास एंव पंचायत अधिकारी खोल, कार्यालय मनरेगा शाखा में समस्त जरूरी दस्तावेजों की प्रति सहित दिनांक 14.07.2025 से 18.07.2025 तक सांय 03:00 बजे तक जमा करवाना सुनिश्चित करें।

हस्ता/-खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, खोल।

### नड्डा ने सऊदी अरब की कंपनियों से भारत में निवेश के आमंत्रित किया

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने शनिवार को सऊदी अरब की कंपनियों से भारत में निवेश के अवसर तलाशने का आग्रह किया। नड्डा सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर हैं और उनके साथ उर्वरक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिनिधि भी हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

#### म्यांमार में बौद्ध मठ पर बमबारी

## 4 बच्चों समेत 23 की मौत, 30 घायल, 10 की हालात गंभीर

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

म्यांमार के सागाइंग कस्बे के लिन ता लू गांव स्थित एक बौद्ध मठ पर गुरुवार की रात जमकर हवाई हमले किए गए। मठ परिसर में शरण लिए 23 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 लोग घायल हो गए। इनमें से 10 की हालत गंभीर है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक इमारत पर रात 1 बजे बम गिराया गया, जहां 4 बच्चों समेत 23 लोग मारे गए। क्षेत्र में लड़ाई से बचने के लिए आसपास के गांवों के 150 से अधिक लोगों ने शरण ली हुई थी। म्यांमार की स्वतंत्र डेमोक्रेटिक वॉयस ऑफ बर्मा ने बताया, मृतक संख्या 30 तक हो सकती है। सेना ने



घटना पर टिप्पणी नहीं की है। दरअसल, फरवरी 2021 में सेना द्वारा आंग सान सू की की निर्वाचित सरकार से सत्ता हथियाने और गृह युद्ध शुरू होने के बाद से म्यांमार उथल-पुथल में है। मठ पर हमला ऐसे वक्त हुआ, जब सैकड़ों सैनिकों ने लिन ता लू से 5 किमी क्षेत्र में टैंकों-विमानों के साथ आक्रामक अभियान में भाग लिया था।

#### वायरस या हैकिंग ठीक करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट का कर्मचारी बताते थे

# नोएडा के फ्रॉड कॉल सेंटर से ठगी करने के मामले में दो गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन की नेशनल क्राइम एजेंसी (एनसीए) ने भारत की केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) और अमेरिका की एफबीआई (एफबीआई) के साथ मिलकर नोएडा में चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। इस कॉल सेंटर से ब्रिटेन और अमेरिका के लोगों को निशाना बनाकर लाखों पाउंड की ठगी की गई थी। इस अंतरराष्ट्रीय जांच की शुरुआत पिछले साल हुई थी जब माइक्रोसॉफ्ट ने अमेरिका में अपने तकनीकी विशेषज्ञों के जरिए एक संदिग्ध गतिविधि की जानकारी दी। यह जानकारी अमेरिका में मौजूद एनसीए के इंटरनेशनल ऑफिसर्स को मिली, जिन्होंने इसे ब्रिटेन की एक्शन फ्रॉड रिपोर्ट्स से मिलाया। इसके बाद सीबीआई, एनसीए और एफबीआई के बीच आपसी सूचनाओं का आदान-प्रदान हुआ, जिससे जांच को आगे बढ़ाया गया।




### 100 से अधिक लोगों को धोखा दिया

*सीबीआई की त्वरित कार्रवाई के बाद दो लोगों को नोएडा से गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि इस गैंग ने ब्रिटेन में 100 से अधिक लोगों को धोखा दिया था। उनसे कहा गया कि उनके कंप्यूटर में वायरस या हैकिंग हो गई है, जिसे ठीक करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के कर्मचारी उनसे शुल्क मांगते थे। असल में ये लोग माइक्रोसॉफ्ट से जुड़े नहीं थे बल्कि ठग थे।*

**कार्यालय, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, नाहड (रेवाड़ी)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड नाहड मनरेगा हेतू (सोशल ऑडिट कैलेन्डर अनुसार) करवाने हेतू Block Resource Person की नियुक्ति प्रति कार्य दिवस राशि 750/- रूपये के मानदेय के आधार पर की जानी है। प्रति वर्ष कार्य दिवसों की संख्या का निर्धारण जारी (सोशल ऑडिट केलेन्डर अनुसार) होगा। अभ्यर्थी स्नातक हो. कम्प्यूटर एम०आई०एस० का ज्ञान सहित Android Mobile प्रयोग में सक्षम हो। पहले कार्यरत वी०आर०पी० सोशल ऑडिट को वरीयता दी जायेगी। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप व शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पट्ट से प्राप्त की जा सकती हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समस्त जरूरी दस्तावेजों की प्रति सहित दिनांक 14.07.2025 से 15.07.2025 तक सांय 03:00 बजे तक जमा करवाना सुनिश्चित करें।

**नोट : पद हेतू साक्षात्कार दिनांक 17.07.2025 को कार्यालय उपमण्डल अधिकारी (ना०), कोसली में होगा।**

**खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, नाहड।**

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदाकार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।

| |
|---|
| **Tender No. : NR-Proj-FZR-25005** |
| **Tender title :** फिरोजपुर डिवीजन के ओएचई/पीएसआई का संशोधन कार्य तथा एम्युनिशन साइडिंग बद्दोवाल, एफसीआई साइडिंग मोगा, अदानी साइडिंग डगरू का विद्युतीकरण का संशोधन कार्य तथा पीक्यूआरएस साइडिंग नकोदर की टॉप वायरिंग का कार्य। अम्बाला डिवीजन के ओएचई/पीएसआई का संशोधन कार्य और अम्बाला डिवीजन के भटिंडा-श्रीगंगनगर सेक्शन में पंजकोसी एसएसपी का निर्माण कार्य। |
| **App. Cost (Rs.) :** 8.59 Cr. |
| **Bid Security (Rs.) :** 5,79,600 |
| **Completion period (Months) :** 12 Month |
| **Cost of Tender document (Rs.) :** Nil |
| **Date of Closing :** 11.08.2025, 15:30 Hrs. |

निविदा दस्तावेज रेलवे वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई-टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आई.आर.ई.पी.एस.) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदाकर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी।

**नोट:** तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम एवं शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड कि जा सकती है।

**सं.: NR/Proj/UMB/Advt./12 तारीख: 11.07.2025** **2110/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

## छत्तीसगढ़ में 10 साल से अधिक लंबित 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारियां खत्म होंगी


**रायपुर(भाषा)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने छोटे व्यापारियों के 10 साल से अधिक लंबित पुराने मामलों में 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारियों को खत्म करने का फैसला किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में छोटे व्यापारियों को अपना व्यवसाय आसानी से करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार छोटे व्यापारियों के 10 साल से अधिक लंबित पुराने मामलों में 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारियों को खत्म करने जा रही है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में कारोबारी सुगमता के तहत जीएसटी प्रावधानों में भी कई संशोधन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर संशोधन विधेयक और छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान संशोधन विधेयक 2025 के प्रारूप का अनुमोदन कर दिया गया है। इन दोनों विधेयकों को विधानसभा के मानसून सत्र में पटल पर रखा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि 10 साल से अधिक पुराने 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारियों को खत्म करने से राज्य के लगभग 40 हजार से अधिक व्यापारियों को फायदा मिलेगा। इसके साथ ही 62 हजार से अधिक मुकदमें भी कम हो जाएंगे।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर संशोधन विधेयक के प्रारूप का भी अनुमोदन किया गया। इस प्रारूप में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुरूप संशोधन प्रस्तावित किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य संशोधन प्रस्ताव के अनुसार, ऐसे जुर्माने की राशि जिनमें कर मांग शामिल नहीं होती है, उन मामलों में अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक पूर्व जमा राशि को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत किया गया है।

## कनाडा तुम्हारा खेल का मैदान नहीं खून की कमाई हिन्दुस्तान ले जाओ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा स्थित कैफे पर फायरिंग के मामले में कनाडा पुलिस जांच कर रही है। शुरुआती जांच में खालिस्तानी समर्थक के शामिल होने की आशंका जताई गई है। इस बीच खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने धमकी भरा वीडियो जारी किया है। पन्नू ने वीडियो मैसेज जारी कर कहा कि कनाडा तुम्हारा खेल का मैदान नहीं है। अपनी खून की कमाई वापस हिन्दुस्तान ले जाओ। उसने कपिल शर्मा पर हिन्दुत्व विचारधारा फैलाने का आरोप लगाया। पन्नू ने कहा कि कनाडा इस तरह की सोच को अपने देश में बढ़ने नहीं देगा। उसने पूछा कि क्या कैपस कैफे कॉमेडी का अड्डा है या हिन्दुत्व फैलाने की साजिश का हिस्सा? बता दें, कपिल शर्मा ने 4 जुलाई को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे शहर में अपना कैफे खोला था। 10 जुलाई की रात अज्ञात लोगों ने इस कैफे पर फायरिंग की। इस हमले की जिम्मेदारी हरजीत सिंह लाडी और तूफान सिंह ने ली है, जो प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े हैं।

### शब्द पहेली - 5926




**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 5925 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ब | ल | शा | ली | | रु | ख | सा | र | |
| अ | न | | ली | | प | त | न | | जा | न |
| न | | ज | मा | दा | र | | न | म | | फा |
| म | ग | रु | र | | | आ | | द | र | स |
| ना | | र | | अ | ज | ग | र | | वा | त |
| | मि | त | वा | | ही | | स | प | ना | |
| म | ल | | दा | वा | न | ल | | रा | | फि |
| त | न | य | | ल | | | ह | ज | र | त |
| ल | | म | त | | का | र्या | ल | य | | र |
| बी | ज | | म | का | न | | च | | सा | त |
| | य | ल | गा | र | | ब | ल | शा | ली | |



# चैरिटी के नाम पर अरबों की संपत्ति पर किया कब्जा, दान दो, टिकट लो का खेल चला




## नेशनल हेराल्ड मामला

### प्रवर्तन निदेशालय की रिपोर्ट सामने आने पर सियासत गरमाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड केस में ईडी कीरिपोर्ट ने राजनीतिक हलकों में खलबली मचा दी है। इसमें चौंकाने वाला दावा किया गया है कि यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड जिस पर सोनिया गांधी और राहुल गांधी का सीधा नियंत्रण है के जरिए सिर्फ चैरिटी के नाम पर अरबों की संपत्ति पर कब्जा किया गया। रिपोर्ट में संभावित राजनीतिक लाभ के बदले दिया गया चंदा करार दिया गया है।

ईडी का दावा- यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के जरिए बड़ी रकम वसूली




### कोई चैरिटेबल काम जमीन पर नहीं दिखा, चंदा देने वाले पा गए टिकट

शनिवार को दिल्ली की अदालत में दायर दस्तावेजों में ईडी ने साफ तौर पर कहा कि यंग इंडियन को 'नॉन-प्रॉफिट' कंपनी दिखाया गया, लेकिन उसका वास्तविक काम एजेएल की 2,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्तियों को हथियाना था। ईडी ने दावा किया कि कोई भी चैरिटेबल काम जमीन पर नहीं हुआ और चंदा देने वालों को कांग्रेस में टिकट देना 'सिस्टमेटिक पैटर्न' जैसा लग रहा है।

### जीरो निवेशः 2,000 करोड़ की मिल्कियत बनी

ईडी ने बताया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के सभी शेयर सिर्फ 50 लाख रुपए में यंग इंडियन कंपनी को ट्रांसफर कर दिए गए। हैरानी की बात ये है कि ये 50 लाख रुपए भी यंग इंडियन ने खुद नहीं दिए, बल्कि ये रकम कोलकाता की एक कंपनी डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड ने दी थी। कंपनी ने बतौर लोन दिया। इसके बदले यंग इंडियन को एजेएल सभी संपत्तियां जिनमें दिल्ली, मुंबई, भोपाल और पटना जैसे शहरों में प्राइम लोकेशन की बिल्डिंग्स शामिल हैं का पूरा नियंत्रण मिल गया।

### यंग इंडियन केवल नाम की संस्था, मकसद संपत्ति हथियाना



ईडी ने नेशनल हेराल्ड केस में अदालत को बताया कि यंग इंडियन को चैरिटी के नाम पर स्थापित किया गया था, लेकिन कभी कोई चैरिटेबल कार्य हुआ ही नहीं.। कोर्ट में एएसजी राजू ने कहा कि यंग इंडियन ने बिना एक भी रुपया निवेश किए एजेएल की करीब 2000 करोड़ की संपत्तियों पर कब्जा कर लिया। ईडी के अनुसार यह पूरी योजना एजेएल की संपत्तियों को हड़पने की साजिश थी और उसी के तहत यंग इंडियन का गठन किया गया था।

### एजेएल को 50 लाख में खरीदा रकम 'डोटेक्स' कंपनी से मिली

ईडी ने यह भी दावा किया कि एजेएल को 50 लाख में खरीदा गया, जो रकम 'डोटेक्स' नामक कंपनी से मिली थी। यानी न तो यंग इंडियन ने खुद पैसा लगाया और न ही किसी चैरिटेबल काम की शुरुआत की।यंग इंडियन के जरिए राजनीतिक लाभ बांटे गए और जिन लोगों ने संस्था को दान दिया उन्हें चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिए गए। यह दिखावे की चैरिटी था।

### सोनिया और राहुल का सीधा संबंध

ईडी ने इस डील को प्रत्यक्ष राजनीतिक नेतृत्व द्वारा नियंत्रित धोखाधड़ी बताया है। यंग इंडियन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडिस निदेशक रहे।

### कांग्रेस ने खारिज किया दावा

### पूरे ट्रांजैक्शन में एक पैसा भी कहीं स्थानांतरित नहीं हुआ



कांग्रेस की ओर से सीनियर नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इस पूरे ट्रांजैक्शन में एक पैसा भी कहीं स्थानांतरित नहीं हुआ है।

## खबर संक्षेप

### प्रेमी-प्रेमिका ने ट्रेन से कटकर दी जान



**मिर्जापुर**। जिले के जिगना थाना क्षेत्र के चडेरु चौकठा के पास डाउन लाइन रेल पटरी पर शुक्रवार की रात प्रेमी-प्रेमिका ने आत्महत्या कर लिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। प्रयागराज जनपद के मांडा थाना क्षेत्र के महेवाकला गांव निवासी शुभम सोनकर इसी थाना क्षेत्र के चकडीहा गांव निवासी अंजली देवी आपस में प्रेम करते थे।

### पुरानी दिल्ली के सदर बाजार में भीषण आग



**नई दिल्ली**। पुरानी दिल्ली के सदर बाजार में एक दुकान में भीषण आग लग गई। दिल्ली फायर सर्विस के अनुसार आग पर काबू पाने के लिए 10 से अधिक दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है। आग की वजह और नुकसान का आकलन अभी नहीं हो सका है और कोई हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि लोगों को बाहर निकाला गया।

### कांगड़ा में युवती से छेड़छाड़, 6 अरेस्ट



**कांगड़ा**। कांगड़ा की सुरक्षा का जिम्मा पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दोनों महिला अधिकारियों के कंधो पर पर है। लेकिन जिले की महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। कुछ असामाजिक तत्वों ने कांगड़ा बस अड्डे पर शुक्रवार रात युवती से छेड़छाड़ की और उसके बाद सरेआम अश्लील हरकतें की। पुलिस ने 6 सिरफिरों को गिरफ्तार किया है।

### खाई में गिरी स्कूली बस सभी 15 छात्र सुरक्षित



**ऊना**। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में शनिवार को समूर गांव के पास मुख्य सड़क पर एक बड़ा हादसा टल गया। एक स्कूल बस, जिसमें करीब 15 छात्र सवार थे, सड़क पर बने पुलिया के धंसने से खाई में जा गिरी। सभी छात्रों को सुरक्षित बाहर निकालकर अन्य वाहनों से उनके घर भेजा गया। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में किसी भी बच्चे को चोट नहीं आई।

### कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता की मौत



**श्योपुर (भाषा)**। नामीबिया से मध्यप्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में स्थानांतरित की गई आठ वर्षीय नाभा नामक चीता की शनिवार को चोटों के कारण मौत हो गई। चीता परियोजना के क्षेत्र निदेशक उत्तम शर्मा ने एक बयान में कहा, ''नाभा एक सप्ताह पहले, संभवतः अपने बाड़े के अंदर शिकार के प्रयास के दौरान बुरी तरह घायल हो गई थी।

न्यायमूर्ति गवई ने छात्रों को सलाह दी कि वे छात्रवृत्ति पर विदेश जाकर अध्ययन करें और परिवार पर वित्तीय बोझ नहीं डालें।

# भारतीय न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही : प्रधान न्यायाधीश

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई ने शनिवार को कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है और मुकदमों में कभी-कभी कई दशकों की देरी हो सकती है। नालसार विधि विश्वविद्यालय, हैदराबाद में दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति गवई ने छात्रों को सलाह दी कि वे छात्रवृत्ति पर विदेश जाकर अध्ययन करें और परिवार पर वित्तीय बोझ नहीं डालें। उन्होंने कहा, ''हमारा देश और न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है। मुख्य न्यायाधीन ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मुकदमों में देरी कभी-कभी दशकों तक चल सकती है। हमने ऐसे मामले देखे हैं जहां विचाराधीन कैदी के रूप में कई वर्ष जेल में बिताने के बाद भी कोई व्यक्ति निर्दोष पाया गया है। हमारी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं हमें उन समस्याओं का समाधान करने में मदद कर सकती हैं जिनका हम सामना कर रहे हैं।'' प्रधान न्यायाधीश ने इस संबंध में अमेरिका के वरिष्ठ संघीय जिला न्यायाधीश जेड एस राकॉफ का हवाला दिया।

मुकदमों में देरी कभी-कभी दशकों तक खींची चली जाती है।

विचाराधीन कैदी के रूप में कई वर्ष जेल में बिताने के बाद भी कोई व्यक्ति निर्दोष पाया गया है।

हमारी न्याय व्यवस्था में सुधार की सख्त ज़रूरत है, फिर भी मैं पूरी तरह से आशावादी हूं कि मेरे साथी (नागरिक) इस चुनौती का सामना करेंगे।



अमेरिकी न्यायाधीश ने अपनी पुस्तक 'क्यों निर्दोष दोषी ठहराए जाते हैं एवं दोषी मुक्त हो जाते हैं'और हमारी टूटी हुई कानूनी व्यवस्था के अन्य विरोधाभास'' में लिखा था, ''हालांकि मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि हमारी न्याय व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत है, फिर भी मैं पूरी तरह से आशावादी हूं कि मेरे साथी (नागरिक) इस चुनौती का सामना करेंगे।'' अमेरिकी न्यायाधीश की इस टिप्पणी को प्रधान न्यायाधीश गवई ने उद्धृत किया।

### मध्यस्थता कैसी होनी चाहिए भारत इसकी पुनर्कल्पना कर रहा है : न्यायूमर्ति सूर्यकांत

**नई दिल्ली (भाषा)**। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा है कि भारत अब केवल स्थापित मध्यस्थता केंद्रों की बराबरी करने का प्रयास नहीं कर रहा है, बल्कि सक्रिय रूप से इस बात की ''पुनः कल्पना'' कर रहा है कि एक गतिशील और बहुध्रुवीय कानूनी व्यवस्था में मध्यस्थता कैसी हो सकती है और कैसी होनी चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि मध्यस्थता का भविष्य न केवल अंतरराष्ट्रीय है, बल्कि भारतीय भी है। उन्होंने साथ ही प्रवर्तन संबंधी चिंताओं जैसी गंभीर चुनौतियों का भी हवाला दिया, जिनका देश को समाधान करना होगा। उन्होंने संस्थागत विकास को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी की वकालत की। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश 10 जुलाई को स्वीडन के गोथेनबर्ग में आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की पुनः कल्पनाः वैश्विक मध्यस्थता स्थल के रूप में भारत का उदय' विषय पर आयोजित एक गोलमेज बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता को अब एक गौण या वैकल्पिक तंत्र के रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि यह विवाद समाधान का एक पसंदीदा तरीका बनता जा रहा है।

#### भारत एक ऐसा मॉडल तैयार कर रहा

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि लक्षित सुधारों, संस्थागत विकास और मध्यस्थता के प्रति गहरी होती सांस्कृतिक प्रतिबद्धता के माध्यम से भारत एक ऐसा मॉडल तैयार कर रहा है, जो न केवल वैश्विक मानकों के प्रति उत्तरदायी है, बल्कि इसके कानूनी और आर्थिक संदर्भ को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा, ''मैं आपके समक्ष जो संदेश छोड़ना चाहता हूं वह स्पष्ट हैः भारत अब केवल स्थापित मध्यस्थता केंद्रों की बराबरी करने का प्रयास नहीं कर रहा है - वह सक्रिय रूप से इस बात की पुनर्कल्पना कर रहा है कि एक गतिशील, बहुध्रुवीय कानूनी व्यवस्था में मध्यस्थता कैसी हो सकती है और कैसी होनी चाहिए।'' उन्होंने कहा कि यह बदलाव केवल कानून और बुनियादी ढांचे से नहीं हो सकता, बल्कि इसके लिए भारत के मध्यस्थता पारिस्थितिकी तंत्र को पोषित करने, विश्वास पैदा करने और अंतरराष्ट्रीय संवाद को बढ़ावा देने में सरकारों, मध्यस्थता संस्थानों, चिकित्सकों और शिक्षाविदों द्वारा सामूहिक निवेश की आवश्यकता है।

### केरल में स्कूल व्यवस्था पर उठे सवाल

# एक समुदाय के लिए स्कूल का समय नहीं बदला जाएगा

राज्य के सामान्य शिक्षा मंत्री शिवनकुट्टी ने कहा



एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने शुक्रवार को दोहराया कि किसी खास समुदाय के लिए स्कूल का समय नहीं बदला जा सकता क्योंकि सरकार को लाखों छात्रों के हितों का ध्यान रखना होता है। शिवनकुट्टी ने यह भी कहा कि स्कूल का समय 30 मिनट बढ़ाने का फैसला केरल हाईकोर्ट के निर्देशों के आधार पर लिया गया है और इसलिए, इससे आहत कोई भी व्यक्ति कानूनी उपाय अपना सकता है। उनकी यह प्रतिक्रिया कुछ मुस्लिम संगठनों द्वारा स्कूल के समय में बदलाव के बढ़ते विरोध के मद्देनजर आई है, जिनमें समस्त केरल जेम-इय्यातुल उलमा भी शामिल है, जो सुन्नी विद्वानों का एक प्रमुख संगठन है।

#### सुन्नी विद्वान संघ बदवाल की मांग

#### संशोधन के पहले विचार विमर्श करना चाहिए

समस्त केरल जेम-इय्याथुल उलमा ने शनिवार को कहा कि स्कूल के संशोधित समय को लागू करने से पहले विचार-विमर्श किए जाने की आवश्यकता है। समस्त केरल जेम-इय्याथुल उलमा, केरल के सुन्नी मुसलमानों के बीच एक प्रमुख धार्मिक संगठन है और इसे आमतौर पर 'समस्त'भी कहा जाता है। इसके सैयद जिफरी मुथुकोया थंगल ने कोझिकोड में पत्रकारों से कहा कि इस मुद्दे पर सरकार का प्रतिनिधित्व करने वालों की प्रतिक्रिया 'विनम्र होनी चाहिए न कि अड़ियल'। उन्होंने जवाब में दिया कि शिवनकुट्टी ने कहा है कि किसी विशेष समुदाय के लिए स्कूल के समय में बदलाव नहीं किया जा सकता।

#### हमारे समुदाय के मत से जीत रहे चुनाव

उन्होंने कहा कि यह एक बड़े समुदाय की जरूरत है। यही समुदाय चुनाव में मत देते हैं। सरकार को इस मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। थंगल ने यह भी सवाल उठाया कि क्या मदरसा कक्षाएं सोने के समय आयोजित की जाएंगी और कहा कि दिन में केवल 24 घंटे होते हैं। इस बीच, शिवनकुट्टी ने दोहराया कि केरल उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार स्कूल का समय 30 मिनट बढ़ा दिया गया है, दिन के पहले भाग में 15 मिनट और दूसरे भाग में 15 मिनट।

### सुकमा में 'नियद नेल्ला नार' का असर

## एक करोड़ से ज्यादा के इनामी 23 नक्सलियों ने किया सरेंडर

एजेंसी ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा में 23 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने घुटने टेक दिए और आत्मसमर्पण किया। इन पर एक करोड़ से ज्यादा का इनाम था। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों पर क्षेत्र में बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। सरेंडर करने वाले 23 नक्सलियों में नौ महिला नक्सली शामिल थीं। नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति, 'नियद नेल्ला नार'(आपका अच्छा गांव) योजना से प्रभावित होकर और अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार पुलिस के बढ़ते प्रभाव से सरेंडर करने का



फैसला किया। इन नक्सलियों पर कुल 1.18 करोड़ का इनाम था। सरेंडर करने वाले में लोकेश, रमेश, कवासी मासा, प्रवीण, नुप्पो गंगी , पुनेम देवे, परस्की पांडे ,माड़वी जोगा, नुप्पो लच्छु , पोड़ियाम सुखराम और दूधी भीमा शामिल हैं।

### कोलकाता में फिर रेप, मामले ने पकड़ा तूल

## आईआईएम के बॉयज हॉस्टल में लड़की के साथ दुष्कर्म, गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में आरोप लगा है एक सेकंड ईयर की लड़की के साथ बॉयज हॉस्टल में रेप किया गया। पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार भी किया है। पीड़िता ने बताया है कि काउंसलिंग सेशन के नाम पर उसे बॉयज हॉस्टल में बुलाया गया था। उसे कुछ चीज खाने की दी गई और पीने के लिए ड्रिंक भी मिली।वह बेहोश हो गई और जब होश में आई तो उसने खुद को हॉस्टल में पाया और उसे पता चला कि उसके साथ रेप हुआ है। आरोपी ने धमकी दी थी।



#### पिता ने कहा, बेटी के साथ कुछ भी नहीं हुआ

इस मामले में पीड़िता के पिता ने कहा कि मेरी बेटी के साथ रेप या टॉर्चर जैसा कुछ नहीं हुआ। रात करीब 9:34 बजे उन्हें बेटी का कॉल आया था। लड़की ने बताया कि वह कार से गिर गई थी और कुछ देर तक बेहोश रही। उसने अपनी लोकेशन साझा नहीं की। लेकिन जब पिता ने ट्रैक किया, तो पता चला कि वह भर्ती है।

### संसदीय समिति विधेयक पर न्यायविदों से ले रही राय

## 'एक देश, एक चुनाव' मुद्दे पर जेपीसी की अगली बैठक 30 जुलाई को होने की संभावना : पी पी चौधरी

**नई दिल्ली (भाषा)**। 'एक देश, एक चुनाव' पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष पी पी चौधरी ने कहा कि इस समिति की अगली बैठक 30 जुलाई को होने की संभावना है। चौधरी ने एक साक्षात्कार में कहा कि न्यायमूर्ति राजेंद्र मल लोढ़ा और न्यायमूर्ति शरद अरविंद बोबडे को अगली बैठक में अपने विचार व्यक्त करने के लिए बुलाया जा सकता है। भाजपा सांसद चौधरी की अध्यक्षता वाली संयुक्त संसदीय समिति विधेयक पर अपनी सिफारिशें तैयार करने के लिए न्यायविदों और कानूनी विशेषज्ञों से बातचीत कर रही है। पूर्व प्रधान न्यायाधीशों-- न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जे एस खेहर और न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) डी वाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को



- न्यायमूर्ति राजेंद्र मल लोढ़ा और न्यायमूर्ति शरद अरविंद बोबडे को विचार व्यक्त करने के लिए बुलाया जा सकता है।

समिति की आठवीं बैठक के दौरान उसके सामने अपनी राय रखी। चौधरी ने कहा, ''समिति इस मुद्दे पर बहुत गंभीरता से चर्चा कर रही है और पूर्व प्रधान न्यायाधीशों समेत विभिन्न कानूनी दिग्गजों ने हमें यह समझने में मदद करने के लिए अपनी राय दी है कि क्या यह विचार संवैधानिक ढांचे के भीतर फिट बैठता है।'' चौधरी ने कहा कि समिति की अगली बैठक संभवतः 30 जुलाई को होगी। जब उनसे यह पूछा गया कि समिति अपनी रिपोर्ट कब पेश करेगी, तो उन्होंने कहा कि कोई जल्दी नहीं है, क्योंकि सभी पक्षों की राय सुनी जाएगी। उन्होंने कहा, ''पूरे देश को यह महसूस होना चाहिए कि संयुक्त संसदीय समिति ने सबकी बात सुनी है और सबके विचार जाने हैं... अगर सदस्यों को लगता है कि रिपोर्ट पेश करने से पहले और लोगों की बात सुनने की ज़रूरत है, तो हम संसद से और समय मांग सकते हैं।''

### अपने बुनियादी ढांचे का उपयोग कौशल केंद्रों में बदलने के लिए करना चाहिए

# कोचिंग सेंटर अब 'पोचिंग सेंटर' बन गए : धनखड़

### कोटा स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान में छात्रों को किया संबोधित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा, कोचिंग सेंटर अब 'पोचिंग सेंटर' बन गए हैं। वे प्रतिभाओं के लिए ब्लैक होल बन गए हैं। कोचिंग सेंटर तेजी से फैल रहे हैं। यह हमारे युवाओं के लिए खतरनाक है, जो हमारे भविष्य हैं। हमें इस चिंता जनक बुराई से निपटना ही होगा। हम अपनी शिक्षा व्यवस्था को इस तरह कलंकित और दूषित नहीं होने दे सकते। राजस्थान के कोटा स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के चौथे दीक्षांत समारोह को आज मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा, "आज हम गुरुकुल की बात कैसे कर सकते हैं - भारतीय संविधान में 22 दृश्य चित्रणों में एक गुरुकुल की भी छवि है।



#### हमारा ज्ञान के दान में विश्वास करते

हम हमेशा से ज्ञान के दान में विश्वास करते रहे हैं। कोचिंग सेंटरों को अपने बुनियादी ढांचे का उपयोग कौशल केंद्रों में बदलने के लिए करना चाहिए। मैं सिविल सोसाइटी और मेरे सामने और बाहर मौजूद जनप्रतिनिधियों से आग्रह करता हूँ कि वे इस बीमारी की गंभीरता को समझें। उन्हें शिक्षा में विवेकशीलता बहाल करने के लिए एकजुट होना होगा। हमें कौशल के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा, "अब राष्ट्रों को सेनाओं द्वारा नहीं, बल्कि एल्गोरिद्म के जरिए नियंत्रण में लाया जाएगा, क्योंकि सेनाओं की जगह अब एल्गोरिद्म ने ले ली है। स

#### आयात पर निर्भरता पर चिंता जताई

संप्रभुता अब आक्रमणों से नहीं, बल्कि विदेशी डिजिटल ढांचे पर निर्भरता के कारण खोएगी।" धनखड़ ने रक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आयात पर निर्भरता पर चिंता जताते हुए कहा, यदि हम बाहर से प्रौद्योगिकी आधारित उपकरण प्राप्त करते हैं, विशेष रूप से रक्षा जैसे क्षेत्रों में, तो उस देश के पास हमें रोकने की शक्ति है।

#### पारंपरिक युद्ध के दिन अब बीत चुके

उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में वैश्विक शक्ति की गतिशीलता कैसे बदल रही है, और कहा, 21वीं सदी का युद्धक्षेत्र अब जमीन या समुद्र नहीं है। पारंपरिक युद्ध के दिन अब बीत चुके हैं। हमारी क्षमता, हमारी शक्ति का निर्धारण कोड, क्लाउड और साइबर द्वारा किया जाना चाहिए। धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि अंकों के प्रति जुनून सीखने की भावना को किस प्रकार नुकसान

### राहुल गांधी के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले व्यक्ति को उत्तरप्रदेश से किया गिरफ्तार

**सोनभद्र (उप्र) (भाषा)**। कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिले के अनपरा बाजार में रहने वाले आरोपी अजय कुमार चौरसिया (27) को शुक्रवार शाम गिरफ्तार किया गया। रेणुसागर पुलिस चौकी के प्रभारी राजेश कुमार सिंह के अनुसार, चौरसिया ने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर अभद्र टिप्पणी के साथ राहुल गांधी की आपत्तिजनक तस्वीर पोस्ट की थी। सिंह ने बताया कि कांग्रेस नेता मृदुल मिश्रा की शिकायत के आधार पर इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

**Surajmal Memorial Education Society (SMES)**
C-4, Janak Puri, New Delhi – 110058
**REQUIRES**
**PRINCIPAL**, for Maharaja Surajmal School (Co-Ed.) CBSE Affiliated, situated at Daboda Khurd, Main Bahadurgarh-Jhajjar Road, Haryana having Masters' Degree in any discipline with minimum 55% marks and B.Ed. with 1st division and at least 10 years teaching experience in a recognized high school including administrative experience of 5 years.
Application alongwith all the relevant educational and other self-attested certificates superscribing the post addressed to the Secretary, should reach to the office at Surajmal Memorial Education Society, C-4, Janakpuri, New Delhi- 110058 latest by 25.07.2025.
**Secretary (SMES)**

**बिहार में इस वर्ष नवंबर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। अभी चुनाव आयोग ने डेट का ऐलान नहीं किया है, लेकिन बिहार में रैलियों, जनसभाओं और बयानों से चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। मतदाता सूची का पुनरीक्षण चल रहा है, जो अभी हॉट मुद्दा है। इस मुद्दे पर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), महागठबंधन (इंडि गठबंधन) और प्रशांत किशोर की जन सुराज ने कमर कस ली है। एनडीए की ओर से नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे, जबकि महागठबंधन ने तेजस्वी यादव और जन सुराज ने प्रशांत किशोर पर दांव लगाया है। एनडीए केवल संगठन ही नहीं, सरकारी योजनाओं के जरिए भी जनता तक पहुंच बढ़ा रहा है। नीतीश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 400 से बढ़ा कर 1100 रुपये प्रतिमाह किया है, राजद ने 1500 करने का वादा किया है। नीतीश सरकार ने राज्य के 16 नगर निकायों में 100 पिंक टॉयलेट बनाने का ऐलान किया है, रोजगार पर ध्यान देने के लिए बिहार राज्य युवा आयोग का बठन किया है, बिहार निवासी महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लागू किया है। इस बार का चुनाव एनडीए की स्थिरता, महागठबंधन के लोकलुभावन वादे और जन सुराज के सुधारवादी दृष्टिकोण के बीच त्रिकोणीय है। आजकल के ताजा अंक में पेश है एक विश्लेषण...**

# बिहार के रण में त्रिकोणीय बिसात



**विश्लेषण**

विनोद पाठक

वरिष्ठ पत्रकार

**बिहार में इसी वर्ष नवंबर में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), महागठबंधन (इंडी गठबंधन) और प्रशांत किशोर की जन सुराज ने कमर कस ली है। यह स्पष्ट है कि एनडीए की ओर से नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे, जबकि महागठबंधन ने तेजस्वी यादव और जन सुराज ने प्रशांत किशोर पर दांव लगाया है। अभी एनडीए में शामिल जद (यू), भाजपा, लोजपा (रामविलास), हम (सेकुलर) और राष्ट्रीय लोकमत पार्टी ने स्पष्ट किया कि सीट बंटवारे को लेकर कोई भ्रम नहीं है। साफ है कि जातीय समीकरणों में उलझे बिहार में इस बार त्रिकोणीय और दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलने वाला है।**

बिहार की सियासी सरगर्मी धीरे-धीरे तेज होने लगी है। इसी वर्ष नवंबर में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), महागठबंधन (इंडि गठबंधन) और प्रशांत किशोर की जन सुराज ने कमर कस ली है। यह स्पष्ट है कि एनडीए की ओर से नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे, जबकि महागठबंधन ने तेजस्वी यादव और जन सुराज ने प्रशांत किशोर पर दांव लगाया है। अभी एनडीए में शामिल जद (यू), भाजपा, लोजपा (रामविलास), हम (सेकुलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने स्पष्ट किया कि सीट बंटवारे को लेकर कोई भ्रम नहीं है। हालांकि, जब तक चिराग पासवान अपना रुख स्पष्ट नहीं करते, तब तक कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। दूसरी ओर, महागठबंधन में सीटों को लेकर चर्चा होनी बाकी है। कुल मिलाकर बिहार में इस बार बेहद रोचक मुकाबला दिखने की उम्मीद है। बात की शुरुआत एनडीए से करते हैं। एनडीए के सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे का जो प्रारूप सामने आया है, उसके अनुसार जद (यू) को 102–103, भाजपा को 101–102, लोजपा (रामविलास) को 25–28, हम (से.) को 6–7 और आरएलएम को 4–5 सीटें मिल सकती हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि एनडीए 220 से ज्यादा सीटों के साथ सरकार बनाएगा। जद (यू) और भाजपा, दोनों ने बूथ से लेकर जिला स्तर तक समन्वय समितियां बनाने का निर्देश जारी किया है। सत्ताधारी एनडीए पर अधिक दबाव है।

## महिला वोटरों को लुभाने में जुटे नीतीश

एनडीए केवल संगठन नहीं, सरकारी योजनाओं के जरिए भी जनता तक पहुंचने की तैयारी में है। नीतीश सरकार ने बीते कुछ सप्ताहों में एक के बाद एक कई घोषणाएं कर वोटरों को सीधे साधने का प्रयास किया है। उनकी नजर विशेष रूप से महिला वोटरों पर है। योजनाओं में सबसे प्रमुख 1.11 करोड़ बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग लाभार्थियों को 1100 रुपये की सामाजिक सुरक्षा पेंशन सीधे बैंक खाते में भेजना है। यह पहले मात्र 400 रुपये थी। महिला वोटरों को लुभाने के लिए राज्य के 16 नगर निकायों में 100 पिंक टॉयलेट बनाने की योजना को हरी झंडी मिल चुकी है। युवाओं के लिए सरकार ने 'बिहार राज्य युवा आयोग' का गठन किया है, जो 18–45 वर्ष के आयु वर्ग के लिए नीतिगत सलाह, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं, मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर काम करेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कोई अवसर छोड़ना नहीं चाहते हैं।

यही कारण है कि उन्होंने बिहार निवासी महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लागू कर दिया है। नीतीश सरकार ने स्पष्ट किया है कि गैर-बिहारी महिलाएं सामान्य श्रेणी में आवेदन करेंगी। इस निर्णय से 53 हजार से अधिक महिलाओं को स्थायी सरकारी नौकरी



मिलेगी। एनडीए पूरी तरह चुनावी मोड में आ चुका है। सरकार की कल्याण योजनाओं को प्रचारित करने के लिए हर पंचायत स्तर पर बूथ प्रभारी नियुक्त किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री स्वयं योजनाओं की निगरानी कर रहे हैं और हर कार्यक्रम में विकास कार्यों को सामने रख रहे हैं। बिहार में लड़ाई अब घोषणाओं बनाम भरोसे की लड़ाई बनने जा रही है।

## महागठबंधन ने भी कसी कमर

जहां तक महागठबंधन की बात है, तेजस्वी यादव के नेतृत्व में विपक्ष ने कमर कस ली है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस, वामदल और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) सहित सात दलों के इस महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को अपना समन्वयक घोषित कर दिया है। हालांकि, मुख्यमंत्री पद का चेहरा अभी औपचारिक रूप से तय नहीं किया गया, लेकिन अधिकांश घटक दलों की सहमति तेजस्वी यादव के नाम पर दिख रही है। चर्चा यही है कि चुनाव में महागठबंधन, एनडीए के खिलाफ 'तेजस्वी क्रांति 2025–30' नारे के साथ मैदान में उतरेगा। महागठबंधन की रणनीति सामाजिक न्याय, क्षेत्रीय स्वाभिमान और जनकल्याणकारी वादों के सहारे सत्ता में वापसी की है। हालांकि, महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर अब भी मनमुटाव की स्थिति है।

जहां कांग्रेस 40–45 सीटें मांग रही है, वहीं वीआईपी के मुकेश सहनी ने 60 सीटों की जोरदार दावेदारी कर दी है। इससे सीटों के संतुलन को साधने में राजद की भूमिका चुनौतीपूर्ण बन गई है। वैसे, राजद नेताओं का कहना है कि महागठबंधन में कोई दरार नहीं है। जल्द ही सभी मुद्दों पर सहमति बना ली जाएगी। महागठबंधन ने भी जनता को लुभाने के लिए कई बड़े वादे किए हैं। तेजस्वी यादव ने पिछले दिनों घोषणा की कि महागठबंधन सरकार बनने पर हर परिवार को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। कांग्रेस ने घोषणा की कि महागठबंधन सत्ता में आता है तो राज्य की महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने की घोषणा

महागठबंधन ने वृद्धावस्था पेंशन को 400 से बढ़ाकर 1,500 करने की बात कही है। हालांकि, नीतीश कुमार ने पहले ही इसमें वृद्धि कर दी है। मुस्लिम मतदाताओं को लुभाने के लिए तेजस्वी यादव वक्फ कानून को बिहार में समाप्त करने की घोषणा कर चुके हैं। महागठबंधन नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी पर एकसाथ निशाना साध रहा है। तेजस्वी यादव और राहुल गांधी ने अपने चुनावी अभियान को 'बिहारी स्वाभिमान बनाम दिल्ली का दबाव' बनाने की कोशिश की है। दोनों नेताओं ने हाल में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए पटना में 'चक्का जाम' व सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया था। राजद की यह रणनीति केंद्र के खिलाफ राज्यीय अधिकारों की बहस को पुनर्जीवित करने का प्रयास भी है।

## चिराग पासवान की असमंजस वाली स्थिति

केंद्र की मोदी सरकार में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान को लेकर एनडीए में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। एक ओर चिराग स्वयं को मोदी का हनुमान कहते हैं तो दूसरी ओर बिहार की सभी 243 सीटों पर लड़ने की घोषणा कर देते हैं। इससे लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने एनडीए के भीतर नया सियासी दबाव खड़ा कर दिया है। हालांकि, चिराग पासवान सफाई देते हैं कि यह निर्णय 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' अभियान के तहत लिया गया है, जो उनकी पार्टी का वैचारिक और विकासोन्मुख एजेंडा है। वो यह कहकर एनडीए में दबाव बना रहे हैं कि यदि उन्हें एनडीए में सम्मानजनक हिस्सेदारी नहीं मिली तो अकेले चुनाव लड़ने से पीछे नहीं हटेंगे। पिछले चुनाव की बात की जाए तो चिराग पासवान ने ऐसी ही रणनीति अपनाई थी। तब भी वो एनडीए का हिस्सा थे, लेकिन जद (यू) के खिलाफ प्रत्याशी उतार दिए थे। परिणामस्वरूप नीतीश कुमार की जद (यू) को भारी नुकसान उठाना पड़ा था और उसकी सीटें घटकर 43 रह गई थीं। संभवतः चिराग पासवान उसी 'दबाव नीति' को दोहरा रहे हैं। चिराग पासवान की रणनीति को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तंज कसते हुए कह चुके हैं कि जो लोग केंद्र में मंत्री हैं, उन्हें अब विधानसभा की राजनीति में कूदने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, भाजपा डैमेज कंट्रोल में लगी है। पार्टी मुद्दे को यह कहकर साध रही है कि सभी सहयोगी दलों से बातचीत कर समाधान निकाला जाएगा। अब आने वाले समय में पता चलेगा कि नीतीश व चिराग के बीच धुरी बनी भाजपा एनडीए में सीटों का तालमेल कैसे बिठाती है, जिससे सभी घटक संतुष्ट हों।

## प्रशांत किशोर की सियासी एंट्री

एनडीए और महागठबंधन से हटकर बिहार चुनाव में प्रशांत किशोर की जन सुराज तीसरी ताकत बनती दिख रही है। प्रशांत किशोर पहले ही सभी 243 सीटों पर लड़ने की घोषणा कर चुके हैं, यानी बिहार की राजनीति में अब दो ध्रुव नहीं रहे हैं। नरेंद्र मोदी, नीतीश कुमार से लेकर ममता बनर्जी और कांग्रेस के चुनावी रणनीतिकार रह चुके प्रशांत किशोर लंबे समय से बिहार में सक्रियता बनाए हुए हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के संगठन को गांव-गांव तक फैलाया है। 'बिहार बदलाव यात्रा' के जरिए जनता से सीधे जुड़ाव कायम किया है। उनकी पार्टी न केवल चर्चा में है, बल्कि युवाओं, मध्यवर्ग और शिक्षित मतदाताओं के बीच एक संभावित विकल्प के रूप में उभर रही है। प्रशांत किशोर की रणनीति स्पष्ट है, जातिवाद और वंशवाद के खिलाफ खड़ा होना, बिहार को एक नई राजनीतिक दिशा देना। जन सुराज की बढ़ती लोकप्रियता से महागठबंधन और एनडीए, दोनों में हलचल दिखाई देती है। प्रशांत किशोर नरेंद्र मोदी से लेकर लालू प्रसाद यादव व नीतीश कुमार तक निशाना साध रहे हैं। कांग्रेस को तो उन्होंने लालू यादव की पिछलग्गू तक करार दिया है। बिहार की राजनीति पर नजर रख रहे राजनीतिक जानकारों का कहना है कि जन सुराज चुनाव को त्रिकोणीय बना सकता है, जिससे कई सीटों पर समीकरण बदलेंगे। यदि जन सुराज 5 से 10 प्रतिशत वोट शेयर प्राप्त कर लेती है तो वह 60–80 सीटों के परिणामों को प्रभावित कर सकता है। वैसे, जन सुराज के लिए यह पहला विधानसभा चुनाव है, लेकिन पिछले दिनों हुए उप चुनावों में उसने अपनी झलक दिखलाई थी। जन सुराज को उप चुनाव में इमामगंज सीट पर 37 हजार और बेलागंज सीट पर 17 हजार से अधिक वोट मिले थे। स्पष्ट है कि पार्टी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। पार्टी सोशल मीडिया और ग्राउंड वर्क के जरिए तेजी से युवाओं को जोड़ रही है। यह स्पष्ट है कि जन सुराज का मुख्यमंत्री चेहरा प्रशांत किशोर ही होंगे।

## जनाधार के समीकरण भी महत्वपूर्ण

एनडीए मोदी-नीतीश की जोड़ी को विकास से जोड़ती है और डबल इंजन सरकार में राज्य के बहुमुखी विकास का दावा करती है। नीतीश कुमार विगत 20 वर्षों से मुख्यमंत्री हैं। मतदाताओं पर इस जोड़ी का असर दिखता भी है। जहां भाजपा की अच्छी पकड़ सवर्ण मतदाताओं के साथ मध्यवर्ग पर है, वहीं नीतीश कुमार पिछड़ों और अति पिछड़ों का साधते हैं। यदि चिराग एनडीए का हिस्सा बने रहते हैं तो दलित वोटों का बड़ा हिस्सा उनके पक्ष में आ जाएगा। हालांकि, तेजस्वी यादव के यादव-मुस्लिम समीकरण को नकारा नहीं जा सकता है। वैसे, राजद को असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम से असुरक्षा भी महसूस हो रही है। यदि ओवैसी बिहार के रण में उतरते हैं तो वो महागठबंधन को कई सीटों पर नुकसान पहुंचा सकते हैं। जातीय समीकरणों में उलझे बिहार में इस बार त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलने वाला है।

# मुद्दों के साथ समीकरण को धार दे रहा राजग



**विस चुनाव**

रवि शंकर

वरिष्ठ पत्रकार

बिहार चुनाव के लिए तारीखों का अभी ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन सूबे में सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। बिहार में इस साल के अंत में चुनाव है। सियासी दांव और जनता की उम्मीदें टकराने वाली हैं। 13.07 करोड़ की आबादी और जातिगत समीकरणों की गहरी जड़ों के साथ, बिहार राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के लिए एक अहम रणक्षेत्र बना हुआ है। नीतीश कुमार की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), जिसमें जनता दल (यूनाइटेड) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) शामिल हैं, उसे तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले महागठबंधन और प्रशांत किशोर की नई जन सुराज पार्टी से कड़ा मुकाबला मिल रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहला बड़ा चुनाव होने के नाते, यह मतदान बिहार की सियासत और इसके लोगों के भविष्य को नई दिशा दे सकता है। बहरहाल,चुनावी मौसम को देखते हुए सभी दल और गठबंधन तैयारी में जुट गए हैं। इसी कड़ी में महागठबंधन में सीटों के बंटवारे और गठबंधन के चेहरे को लेकर बैठक हुई। बैठक के बाद कहा जा रहा है कि कुछ फॉर्मूले तय भी हो गए हैं। वहीं सूबे में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की अगुवाई कर रहा जनता दल भी एक्टिव मोड में है। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के साथ गठबंधन में बीजेपी बिहार में सत्ता बरकरार रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। बीजेपी ने एक बार फिर से स्पष्ट किया है कि 2025 का चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा।

## सीट बंटवारे को लेकर चर्चा गर्म

बीजेपी पहले ही कह चुकी है कि एनडीए के पांच दल (बीजेपी, जेडीयू, लोजपा (रामविलास), हम और राष्ट्रीय लोक मोर्चा) एकजुट होकर 'चुनाव लड़ेंगे। इन सबके बीच बात सीट बंटवारे को लेकर भी हो रही है। एनडीए में शामिल करीब-करीब सभी पार्टियों ने अपनी डिमांड बीजेपी और जेडीयू जैसे बड़े दलों को बता दी है। हालांकि, सीट शेयरिंग को लेकर आधिकारिक बातचीत अभी शुरू नहीं हुई है। लेकिन एनडीए में इस बार सीट शेयरिंग की गुत्थी कुछ ज्यादा पेचीदा है क्योंकि चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी भी इस बार एनडीए का हिस्सा है, जबकि पिछले विधानसभा में उसने अलग चुनाव लड़ा था। हालांकि, पिछले विधानसभा चुनाव से इस बार में एनडीए का स्वरूप बदला है। वीआईपी अब एनडीए की जगह महागठबंधन का हिस्सा है और चिराग पासवान की पार्टी एनडीए में है। जाहिर तौर पर सीट शेयरिंग में बीजेपी और जेडीयू दोनों की सीटें कम होंगी। इसे लेकर खींचतान है कि किस पार्टी की कितनी सीटें कम होंगी।

## चिराग पासवान बड़ा पेंच

जीतन मांझी 35 सीटों की मांग कर रहे हैं, हालांकि उन्हें भी मालूम है कि इतनी सीटें उन्हें नहीं मिलनी। लेकिन यह अपनी पहले की सीटें बचाने की कवायद है ताकि उनके कोटे की सीटें कम ना हों। वहीं दूसरी तरफ एनडीए में चिराग पासवान की वजह से बहुत बड़ा पेंच फंसा हुआ है। क्योंकि उन्होंने सभी 243 सीटों पर तैयारी करने की बात कही है। चिराग पासवान को जो सीटें दी जाएंगी तो वो किसके कोटे से जाएंगी। इस पर भी कोई



कुछ नहीं कह रहा है। बहरहाल, चिराग पासवान एक तरफ चुनाव लड़ने का ऐलान कर रहे हैं। दूसरी तरफ, वे उन जगहों पर जा रहे हैं जहां बीजेपी मजबूत है। लेकिन उनकी अपनी पार्टी का कोई खास जनाधार नहीं है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि चिराग पासवान आखिर चाहते क्या हैं? बिहार की राजनीति में जाति एक महत्वपूर्ण कारक है और बीजेपी ने इसे ध्यान में रखते हुए अपनी रणनीति तैयार की है। यदि देखा जाए तो जातीय जनगणना को लेकर भी बीजेपी ने बड़ा दांव खेला है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना के फैसले को बीजेपी अपनी रणनीति का हिस्सा मान रही है। यह कदम विपक्ष के 'संविधान विरोधी' नैरेटिव को कमजोर करने और नए जातीय समूहों को अपने पक्ष में लाने के लिए उठाया गया है। इसके अलावा बीजेपी अपनी परंपरागत हिंदुत्व की विचारधारा को भी मजबूत कर रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर'जैसे अभियानों के जरिए पार्टी ने हिंदू मतदाताओं में सकारात्मक माहौल बनाया है। इसके साथ ही, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वैचारिक मशीनरी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का लाभ उठाने की रणनीति बनाई गई है। संघ प्रमुख लगातार बिहार में कई बार प्रवास कर चुके हैं। साफ है कि बिहार का चुनाव बीजेपी हर हाल में जितना चाहती है क्योंकि बिहार के चुनाव का असर उसके बाद होने वाले बंगाल और उत्तर प्रदेश पर भी पड़ेगा। खैर,अब विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और बीजेपी के सामने एक सवाल यह भी है कि वह नीतीश के साथ कैसे आगे बढ़ेगी। नीतीश की उम्र और सेहत को लेकर अटकलें लग रही हैं, लेकिन उनकी सियासी चालबाजी अभी भी उन्हें बिहार का किंगमेकर बनाए हुए है। बीजेपी ने हाल ही में नीतीश के नेतृत्व में चुनाव लड़ने का ऐलान किया है, मगर पार्टी के भीतर कुछ नेता बिहार में अपनी सरकार चाहते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयानों से भी संकेत मिले हैं कि बीजेपी नीतीश पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहना चाहती। लेकिन नीतीश की सियासी चालें अभी खत्म नहीं हुई हैं। अगर बीजेपी उन पर दबाव बनाती है तो वे फिर से महागठबंधन की ओर जा सकते हैं। लालू यादव ने हाल ही में कहा था कि नीतीश के लिए दरवाजे खुले हैं। दूसरी ओर, बीजेपी नीतीश को साथ रखकर 2025 में जीत की राह आसान करना चाहती है, लेकिन बाद में अपनी शर्तों पर सत्ता चलाने की कोशिश कर सकती है। बिहार की जनता भी नीतीश के इस 'पलटीमार' रवैये से परिचित है, मगर उनकी लोकप्रियता अभी बरकरार है। ऐसे में बीजेपी को नीतीश के साथ संतुलन बनाना होगा वरना 2020 का 'धोखा' इस बार भारी पड़ सकता है।

## दोधारी तलवार बने नीतीश

यूं कहें कि नीतीश कुमार बीजेपी के लिए एक दोधारी तलवार बन गए हैं। उनके पास 14-15 फीसदी वोट बैंक है, जो बिहार में किसी भी गठबंधन के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। बीजेपी भले ही अकेले 160-170 सीटों पर चुनाव लड़ने का सपना देखे, लेकिन नीतीश का साथ छोड़ना आसान नहीं। केंद्र में नीतीश की पार्टी के 12 सांसद मोदी सरकार के लिए बैसाखी का काम कर रहे हैं। ऐसे में बीजेपी न तो नीतीश को नाराज करना चाहती है और न ही उनकी बीमारी को नजरअंदाज कर सकती है।

बहरहाल, 2025 का चुनाव बिहार के भविष्य की परीक्षा है। एनडीए की स्थिरता, महागठबंधन के लोकलुभावन वादे और जन सुराज का सुधारवादी दृष्टिकोण टकराएंगे। एनडीए की जीत बीजेपी और नीतीश की प्रासंगिकता को मजबूत करेगी,जबकि महागठबंधन की जीत इंडिया गठबंधन को बल देगी। जन सुराज,भले ही सीमित सफलता पाए,भविष्य की राजनीति को प्रभावित कर सकती है। बिहार के 13.07 करोड़ लोग इस मतपत्र से तय करेंगे कि वे स्थिरता चाहते हैं, या रेवड़ियां चाहते हैं या नई दिशा।

# 'दम' दिखाने को तैयार महागठबंधन



**बिहार का रण**

सुशील देव

वरिष्ठ पत्रकार

बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर दो प्रमुख घटक में इस बार कड़ी टक्कर होने वाली है। यह घटक दल हैं- महागठबंधन और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन। महागठबंधन 2.0 एक विपक्षी गठबंधन है जो भारतीय जनता पार्टी और राजग के खिलाफ खड़ा है। दोनों गठबंधन में कई प्रमुख क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय दल शामिल हैं, इसलिए अबकी बार मुकाबला दिलचस्प होने वाला है। दिलचस्प इसलिए भी कि भाजपा समर्थित नीतीश कुमार सरकार की पुनर्वापसी पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेताओं की रणनीति अपना रंग दिखाने लगी है। परंतु यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार के नेतृत्व के सवाल पर राजग गठबंधन में भी बहुत बखेड़ा खड़ा होने वाला है। राजनीतिक पंडित उनके दावेदारों की वजह से यह गुना-गणित समझा रहे हैं।

मगर महागठबंधन की बात करें तो उनके सभी दल ताल ठोक कर मैदान में दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। रही बात महागठबंधन की ताकत की तो उसके पास अभी प्रमुख दलों में राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, सीपीआई-एमएल, सीपीआई, सीपीएम और वीआईपी प्रमुख दल हैं। हालांकि आम आदमी पार्टी बिहार के लिए अभी नई है। यह संभावित सहयोगी हो सकती है, मगर अभी तक कुछ स्पष्ट नहीं है।

## एम-वाई समीकरण मजबूत

अगर हम ताकत की बात करें तो राजद का एम-वाई समीकरण काफी मजबूत नजर आ रहा है यानी मुस्लिम और यादवों का वोट बैंक फिलहाल किसी अन्य समीकरणों के झांसे में नहीं आने वाला है। वीआईपी और वाम दलों के समर्थनों से पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलित वर्गों को जोड़ने की लगातार कोशिशें भी जारी हैं, जबकि कांग्रेस के कारण सवर्ण और अल्पसंख्यक वर्गों में भी खासा प्रभाव देखा जा रहा है। महागठबंधन की ताकत और कमजोरी को समझने के लिए राजनीतिक, सामाजिक और संगठनात्मक, तीनों स्तरों पर विश्लेषण जरूरी है।

इस गठबंधन का नेतृत्व निश्चित तौर पर बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं पूर्व डिप्टी सीएम, युवा एवं आक्रामक नेता तेजस्वी यादव की तरफ आ जाता है, जो न केवल युवाओं के रोजगार बल्कि जनता के मुद्दों, महंगाई और भ्रष्टाचार पर लगातार चोट करके मतदाताओं के दिलों में अपनी जगह बना रहे हैं। वहीं, अपने पिता लालू यादव के सामाजिक न्याय वाली विचारधाराओं से भी ओतप्रोत दिखाई देते हैं। तेजस्वी की ज़मीनी पकड़ और सोशल मीडिया में उपस्थिति भी अच्छी है।

## तेजस्वी की लोकप्रियता बढ़ी

इन तमाम वजहों से तेजस्वी की लोकप्रियता भावी मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में भी बढ़ी है। हालिया सर्वे में तेजस्वी नीतीश कुमार से भी आगे बताए जा रहे हैं। जहां तक बात सहयोगी दलों की एकजुटता और उनकी अपनी ताकत का सवाल है, महागठबंधन हाल ही में बिहार बंद प्रदर्शन और वोटर लिस्ट के मुद्दे पर जनता को यह मैसेज देने



में सफल रहा है कि सरकार या सरकार से जुड़े सहयोगी दलों ने मिलकर कुछ असामान्य करने की कोशिश की है। बड़ी बात तो यह है कि राजद ने प्रमुख दल होने और बिहार विधानसभा में विपक्ष में होने के कारण नीतीश सरकार के खिलाफ जनता में असंतोष को हवा देने का सफल प्रयास किया है। उनके साथ स्थानीय स्तर पर वामदलों की स्थिति भी काफी मजबूत दिखाई दे रही है। खासकर, ग्रामीण क्षेत्रों में किसान और मजदूरों के बीच वामपंथी दल खासा पकड़ रखते हैं। साथ ही, इनके कैडर कार्यकर्ता चुनाव में अपनी मजबूत भूमिकाएं निभाते हैं। जहां तक महागठबंधन की चुनावी तैयारियों का सवाल है, वह अभी तक बिल्कुल सही दिशा में जा रही है। बीते 9 जुलाई को महागठबंधन ने बिहार बंद और चक्काजाम का आयोजन किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद के तेजस्वी यादव ने मिलकर व्यापक रूप से वोटर लिस्ट के विशेष पुनरीक्षण को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया, विरोध जताया। इस बंद को महागठबंधन की एकता और जन जागरण की ताकत के संकेत के तौर पर देखा गया। मगर, वहीं महागठबंधन के अंदर सीटों के बंटवारे को लेकर नाराजगी अभी थमी नहीं है। सीटों के अंतिम बंटवारे को लेकर गठबंधन के अंदर सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। ज्ञात हो कि राजद को पूर्वी चंपारण से लगभग 200 मुस्लिम कार्यकर्ता जदयू में चले जाने से गहरा धक्का लगा है, जिससे महागठबंधन की एकता पर भी सवाल खड़ा हो गया है। राजग के कार्यकर्ता की जदयू में पलायन से संगठन की आंतरिक मजबूती प्रभावित हो सकती है। यहां यह भी बता दें कि सीटों के बंटवारे को लेकर पहले भी विवाद रहा है।

2020 में कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन को लेकर यह विवाद रहा था। आज भी कांग्रेस का ज़मीनी ढांचा कमजोर है। कांग्रेस की अंतर्कलह की वजह से महागठबंधन की रणनीति प्रभावित हो सकती है। यह भी डर है कि राजद के पुराने कार्यकर्ता पार्टी छोड़ रहे हैं या निष्क्रिय हो रहे हैं। मुकेश सहनी का दल वीआईपी का इधर-उधर जाना, भरोसे को कमजोर करता है। कुछ अन्य पार्टियां यदि अकेले चुनाव लड़ती हैं तो महागठबंधन के लिए यह वोटकटवा फैक्टर साबित होगा। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भाजपा या राजग गठबंधन की तुलना में राजद गठबंधन आर्थिक रूप से कमजोर है। मीडिया में भी महागठबंधन की पकड़ ज्यादा मजबूत नहीं है। ऐसे में महागठबंधन के प्रमुख घटक दल कितना कुछ कर पाएंगे, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। मगर महागठबंधन चुनावी तैयारी में सक्रिय है। लगातार बैठकें, आंदोलन और प्रचार दर प्रचार के दौर चल रहे हैं। असली स्थिति महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

## घटक दल रणनीति बनाने में जुटे


कुल मिलाकर बिहार की राजनीति में महागठबंधन एक बार फिर पूरे तेवर में नजर आ रहा है। तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाकर चुनावी समर में कमर कसकर उतर चुका है। घटक दल रणनीति बनाने में जुट गए हैं। महंगाई, बेरोजगारी, और शिक्षा जैसे मुद्दों को केंद्र में रखकर महागठबंधन सरकार पर हमलावर है। हाल ही में हुए बिहार बंद और प्रदर्शन से गठबंधन ने सड़क से सदन तक अपनी मौजूदगी का एहसास कराया है। मुस्लिम, यादव, दलित और अति पिछड़ा वर्ग में गठबंधन की पकड़ मजबूत मानी जा रही है। इसी समीकरण से सबको साधने में लगा है। वहीं सीपीआई-एमएल जैसे वामदल ग्रामीण क्षेत्रों में कैडर आधारित समर्थन जुटा रहे हैं। हालांकि, सीटों के बंटवारे को लेकर मतभेद सामने आ रहे हैं, फिर भी जनता से जुड़े मुद्दों और तेजस्वी की लोकप्रियता के बल पर महागठबंधन ताल ठोक कर मैदान में उतरने को तैयार है और सत्ता की कुंजी पाने के लिए बेताब है। हालांकि सत्ता का फैसला बिहार की जनता के हाथ में है।

### राहुल ने जड़ा शतक, पंत के अर्धशतक से भारत की पकड़ मजबूत

# भारत और इंग्लैंड की पहली पारी बराबरी पर छूटने के बाद लॉर्ड्स टेस्ट में रोमांच बढ़ा

एजेंसी ▶▶| लंदन

लोकेश राहुल ने ऐतिहासिक लॉर्ड्स में अपना दूसरा शतक जड़ा, जिसके बाद भारत ने तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड के पहली पारी के 387 रनों की बराबरी करने में सफल रहा। राहुल के बेहतरीन प्रदर्शन (177 गेंदों पर 100 रन) के अलावा, रविंद्र जडेजा (131 गेंदों पर 72 रन) और ऋषभ पंत (112 गेंदों पर 74 रन) ने भारत के पहली पारी के दौरान अहम योगदान दिये। भारत के लिए ऐसी पिच पर आखिरी बल्लेबाजी करना एक चुनौती होगी जहां कुछ गेंदें पिच होने के बाद थोड़ा उछल रही हों और साथ ही कुछ टर्न भी मिल रहा हो। भारतीय पारी के 387 रन पर सिमटने के बाद जैक क्रॉली ने कीमती समय बर्बाद करते हुए यह सुनिश्चित किया कि उन्हें जसप्रीत बुमराह का केवल एक आक्रामक ओवर ही झेलना पड़े, जिससे इंग्लैंड चौथे दिन दो रनों की मामूली बढ़त के साथ मैदान पर उतरेगा। क्रॉली दो रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है जबकि बेन डकेट ने अभी खाता नहीं खोला है। तीसरे दिन के आखिरी पांच मिनट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल और क्रॉली के बीच तीखी नोकझोंक हुई। क्रॉली जब समय बर्बाद कर रहे थे तब भारतीय कप्तान ने कुछ कड़े शब्दों में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज से बुमराह का सामना करते हुए कुछ हिम्मत दिखाने को कहा।




### वेंगसरकर के बाद लॉर्ड्स में दो टेस्ट शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बने राहुल

सलामी बल्लेबाज केएल राहुल शनिवार को मध्यक्रम के दिग्गज खिलाड़ी दिलीप वेंगसरकर के बाद लॉर्ड्स में एक से ज्यादा शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन लंच ब्रेक के तुरंत बाद जोफ्रा आर्चर की गेंद पर कवर्स में एक रन लेकर यह उपलब्धि हासिल की। हालांकि राहुल तिहरे अंक तक पहुंचने के तुरंत बाद ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की गेंद पर आउट हो गए। यह खेल के पारंपरिक प्रारूप में कुल मिलाकर उनका 10वां और विदेशी धरती पर नौवां शतक था। कर्नाटक के इस खिलाड़ी ने 177 गेंद में 13 चौकों की मदद से 100 रन बनाए। लीड्स में श्रृंखला के पहले मैच में शतक लगाने के बाद मौजूदा पांच मैचों की श्रृंखला में यह उनका दूसरा शतक है। राहुल ने क्रीज पर कुछ शानदार ड्राइव और फ्लिक खेले। वेंगसरकर ने 1979, 1982 और 1986 में लॉर्ड्स में तीन शतक लगाए हैं। राहुल और वेंगसरकर सहित 10 भारतीय लॉर्ड्स में 'ऑनर्स बोर्ड' पर जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। वेंगसरकर क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले इस प्रतिष्ठित स्थल पर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। राहुल ने इस स्थल पर पहला शतक 2021 में लगाया था जब उन्होंने भारत की 151 रन की जीत में 129 रन बनाए थे। श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है।

# स्वियातेक ने जीता अपना पहला विंबलडन खिताब

भाषा ▶▶| लंदन



पोलैंड की इगा स्वियातेक ने शनिवार को यहां अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराकर पहली बार विंबलडन और छठा ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम किया। यह 114 वर्षों में विंबलडन का पहला महिला फाइनल था जिसमें प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी एक भी गेम नहीं जीत सकी। फ्रेंच ओपन में चार और अमेरिकी ओपन में एक ट्रॉफी जीतने वाली 24 वर्षीय स्वियातेक ने सेंटर कोर्ट पर धूप भरी दोपहर में केवल 57 मिनट में 13वीं वरीयता प्राप्त अनिसिमोवा को हराकर आखिरकार ग्रासकोर्ट पर अपनी पहली ट्रॉफी जीत ली। इस तरह स्वियातेक विंबलडन में लगातार आठवीं बार पहली बार महिला चैंपियन बनी हैं। आठवीं वरीय स्वियातेक कुल अंक में 55-24 से आगे रहीं और इस दौरान उन्होंने महज 10 विनर लगाए। पहली बार ग्रैंडस्लैम के फाइनल में पहुंची 23 वर्षीय अनिसिमोवा शुरुआत से ही लड़खड़ाती रहीं और 28 'अनफोर्स्ड' गलतियां कर बैठीं। स्वियातेक ने इस तरह लंबे समय से चले आ रहे ट्रॉफी के सूखे को खत्म कर दिया।

उन्होंने पिछली ट्रॉफी एक साल से भी ज्यादा समय पहले जून 2024 में रोलां गैरां में जीती थी। वेल्स की राजकुमारी केट शनिवार को रॉयल बॉक्स में बैठी थीं और बाद में कोर्ट पर हुए समारोह में भी शामिल हुईं। स्वियातेक की जीत बाकियों से अलग है क्योंकि यह उन्हें दबदबे भरे शानदार प्रदर्शन से मिली। अनिसिमोवा ने सेमीफाइनल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को हराया था लेकिन शनिवार को ऐसा बिल्कुल नहीं लगा कि वह वहीं खिलाड़ी थीं। जब मैच खत्म हुआ तो स्वियातेक अपनी टीम के साथ जश्न मनाने के लिए स्टैंड में चढ़ गईं जबकि अनिसिमोवा के आंसू निकल रहे थे।

# ज्योति चमकीं, भारत ने तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में दो रजत व एक कांस्य जीता

**मैड्रिड (भाषा)।** भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में दो रजत और एक कांस्य पदक जीतकर पोडियम पर अपनी हैट्रिक पूरी की। पदक जीतने के बावजूद इस प्रदर्शन ने भारतीय तीरंदाजों की मुश्किल परिस्थितियों में दबाव में संघर्ष को उजागर कर दिया। क्वालीफिकेशन दौर में कुल 2116 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल करने वाली ज्योति, परनीत कौर और पदार्पण कर रही 16 वर्षीय पृथिका प्रदीप की तिकड़ी स्वर्ण पदक की ओर बढ़ती दिख रही थी और तीसरे दौर के बाद 170-169 की बढ़त बनाए थी। लेकिन यह तिकड़ी निर्णायक क्षण में आए दबाव में लड़खड़ा गई और चीनी ताइपे से 225-227 से हारकर स्वर्ण पदक से चूक गई। इस हार ने एक बार फिर टीम की मानसिक कमजोरियों को उजागर कर दिया और 2022 एशियाई खेलों के बाद कंपाउंड



कोच सर्जियो पाग्नी के जाने के बाद से पैदा हुए खालीपन को भी उजागर कर दिया। चीनी ताइपे की हुआंग आई-जौ, चेन यी-ह्सुआन और चिउ यू-एर्ह की तिकड़ी ने संयम बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बाद में मिश्रित टीम स्पर्धा में ज्योति और ऋषभ यादव की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 10वीं वरीयता प्राप्त एल साल्वाडोर की पाओला कोराडो और डगलस व्लादिमीर नोलास्को की जोड़ी को 156-153 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय मिश्रित जोड़ी ने पहले दिन कुल 1431 अंकों के साथ क्वालीफाइंग विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था।

### नीरू पहली बार विश्व कप फाइनल में पहुंची

**लोनाटो (इटली)।** राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन नीरू ढांडा शनिवार को चौथे और अंतिम आईएसएसएफ विश्व कप शॉटगन के अंतिम दिन पहली बार विश्व कप फाइनल में पहुंचीं और महिला ट्रैप में चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने 50 शॉट के फाइनल में अपने पहले 35 में से 30 निशाने लगाए। नीरू ने इटली की एलेसिया इज्जी पर शूट-ऑफ 2-1 से जीतकर छठा और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया था। एलिमिनेशन चरण में वह कांस्य पदक विजेता और निकोसिया विश्व कप की विजेता तटस्थ एथलीट लाडा डेनिसोवा और पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता इटली की सिल्वाना मारिया स्टैंको के साथ बराबरी करने के बाद बड़े बिब नंबर के कारण बाहर हो गईं।

# टी-20 इंटरनेशनल का नया वर्ल्ड रिकॉर्ड, मैच में लगे 41 छक्के

**बुल्गारिया।** एसीएन बुल्गारिया टी20 ट्राई सीरीज के एक मैच में रिकॉर्ड तोड़ रन बने हैं। यह मैच बुल्गारिया और जिब्राल्टर के बीच खेला गया। इस मैच को बुल्गारिया ने अपने नाम किया हो लेकिन दोनों टीमों के बल्लेबाजों ने इस मैच में गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। इस मैच में 14.18 के रन रेट से रन बनाए गए हैं, जो कि टी20 क्रिकेट में पहली बार हुआ है। इससे पहले न्यूजीलैंड और स्कॉटलैंड के बीच 2009 में 13.76 के रन रेट से रन बने थे। इस टी20 मैच में कुल 41 छक्के लगाए गए हैं। यही नहीं दोनों पारियों को मिलाकर 35 ओवर से भी कम में यहां 450 से ज्यादा रन बने।

### जिब्राल्टर ने 20 ओवर में बनाए 243 रन



इस मैच में जिब्राल्टर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 243 रन बनाए। टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज फिल रैक्स ने 33 गेंद पर 73 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान चार चौके और आठ छक्के जड़े। यही नहीं कप्तान इयान लैटिन ने 51 रन का योगदान दिया। उन्होंने अपनी इस पारी में 7 चौके और दो छक्के जड़े। लुईस ब्रूस ने 24 रन की पारी खेली जबकि क्रिस पाईल ने 22 रन बनाए। बुल्गारिया की ओर से जैकब गुल ने चार ओवर में 37 रन देकर चार विकेट झटके।

**25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने से चूके जोकोविच, कहा- यह मेरा आखिरी विंबलडन नहीं, एक बार और खेलूंगाः लंदन।** नोवाक जोकोविच ने सेमीफाइनल में यानिक सिनर से हारने के बाद स्पष्ट किया कि यह उनका विंबलडन में आखिरी मैच नहीं था और वह कम से कम एक बार और इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में खेलने का इरादा रखते हैं। मैच के बाद 38 वर्षीय जोकोविच ने कहा, 'मैं आज अपना विंबलडन करियर खत्म करने की योजना नहीं बना रहा हूं। मैं निश्चित रूप से कम से कम एक बार और वापसी की योजना बना रहा हूं।' सेंटर कोर्ट पर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर से 6-3, 6-3, 6-4 से मिली हार ने जोकोविच के विंबलडन में रोजर फेडरर के आठ चैंपियनशिप के पुरुष रिकॉर्ड की बराबरी करने और 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के प्रयास पर पानी फेर दिया।



### इसरो के मानव अंतरिक्ष मिशन की तैयारियां तेज, सिस्टम अलग-अलग चरणों और इंसान को सुरक्षित ले जाने की जरूरतों पर खरा उतरा

# गगनयान की उड़ान के लिए इंजन तैयार, मिशन एबॉर्ट परीक्षण सफल

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

*यह सिस्टम उस हिस्से को मदद करता है जो इंसानों को लेकर अंतरिक्ष में जाएगा। इसका काम रॉकेट को सही कक्षा (ऑर्बिट) में पहुंचाना, उड़ान के दौरान दिशा को नियंत्रित करना, जरूरत पड़ने पर रॉकेट की गति को धीमा करना और अगर कोई गड़बड़ी हो जाए तो मिशन को बीच में रोककर अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित वापस लाना है*

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को बताया कि उसने गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसके साथ ही इस सिस्टम के सभी जरूरी परीक्षण भी पूरे कर लिए गए हैं। शुक्रवार को इस सिस्टम का 350 सेकंड (करीब 6 मिनट) तक एक बड़ा परीक्षण किया गया। इसका मकसद यह देखना था कि अगर उड़ान के दौरान कोई गड़बड़ी हो जाए और मिशन को बीच में रोकना पड़े (जिसे 'मिशन एबॉर्ट' कहा जाता है), तो यह सिस्टम सही तरीके से काम करता है या नहीं।





#### प्रोपल्शन सिस्टम में दो इंजन लगे हुए


इस सिस्टम में दो खास तरह के इंजन काम करते हैं - लिक्विड एपोजी मोटर (एलएएम) रॉकेट को उसकी सही कक्षा में लाने और फिर धीरे-धीरे नीचे लाने में मदद करते हैं। रिएक्शन कंट्रोल सिस्टम (आरसीएस) रॉकेट की दिशा को बहुत सटीक तरीके से नियंत्रित करता है। इसरो ने बताया कि एसएमपीएस को अच्छे से परखने के लिए एक मॉडल तैयार किया गया, जिसे सिस्टम डेमोंस्ट्रेशन मॉडल (एसडीएम) कहा जाता है। इस मॉडल में वह सभी हिस्से शामिल थे जो असली सिस्टम में भी होंगे - जैसे ईंधन टैंक से ईंधन भेजने वाला सिस्टम, हीलियम गैस का दबाव बनाए रखने वाला सिस्टम, उड़ान में काम करने वाले छोटे-छोटे इंजन (थ्रस्टर)।

#### 4 घंटे तक चले परीक्षण

*इस मॉडल पर इसरो ने 25 बार अलग-अलग तरह के परीक्षण किए - कुछ सामान्य हालातों में और कुछ मुश्किल हालातों में। ये सारे परीक्षण टेस्ट मिलाकर कुल 14,331 सेकंड (करीब 4 घंटे) तक चले। इनका मकसद यह देखना था कि यह सिस्टम गगनयान मिशन के अलग-अलग चरणों और इंसान को सुरक्षित ले जाने की जरूरतों पर खरा उतरता है या नहीं।*

**दो तरह के ईंधन से चलाया**

#### प्रोपल्शन सिस्टम का प्रदर्शन सामान्य रहा



इसरो ने कहा कि हॉट परीक्षण के दौरान प्रोपल्शन सिस्टम का प्रदर्शन पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य रहा। गगनयान के सर्विस मॉड्यूल में एक खास सिस्टम लगाया गया है जो दो तरह के ईंधन से चलता है। यह सिस्टम उस हिस्से को मदद करता है जो इंसानों को लेकर अंतरिक्ष में जाएगा। इसका काम रॉकेट को सही कक्षा (ऑर्बिट) में पहुंचाना, उड़ान के दौरान दिशा को नियंत्रित करना है।

#### कल लौटेंगे शुभांशु शुक्ला व अन्य यात्री

एक्सिओम स्पेस ने घोषणा की है कि उनकी मिशन की टीम 14 जुलाई 2025 को भारतीय समयानुसार शाम 4:35 बजे से पहले अंतरिक्ष स्पेस स्टेशन से अलग होगी। इस मिशन में शामिल भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला भी पृथ्वी पर वापस लौटेंगे, जो भारत के लिए गर्व का क्षण है। घर वापसी से पहले मिशन के सदस्यों ने पार्टी की। ऐपेटाइज़र के लिए, सदस्यों ने रीहाइड्रेटेड श्रिम्प कॉकटेल और क्रैकर्स बनाए। मुख्य भोजन में चिकन और बीफ़ फजीटा शामिल थे। मीठी ब्रेड, कंडेंस्ड मिल्क और अखरोट से बने स्वादिष्ट केक के साथ रात का समापन किया।



---

### आज सिंगापुर और चीन के आधिकारिक दौरे पर जाएंगे विदेश मंत्री एस. जयशंकर

# संबंधों को सामान्य बनाने के साथ दुर्लभ धातुओं की रोक पर होगी चर्चा

**एससीओ के विदेश मंत्रियों की परिषद की 15 जुलाई की बैठक में लेंगे भाग**

*पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 2020 के सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों के अत्यधिक तनावपूर्ण होने के बाद, जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा होगी। पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और एनएसए अजीत डोभाल भी चीन की यात्रा पर जा चुके हैं। जयशंकर की यात्रा को दोनों देशों के बीच सामान्य संबंध बहाल करने की दिशा में एक और कदम माना जा रहा है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को सिंगापुर और चीन की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार जयशंकर चीन के तियानजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में भाग लेने जा रहे हैं। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 2020 में सैन्य गतिरोध के कारण दोनों देशों के संबंधों में तनाव आने के बाद यह जयशंकर की पहली चीन यात्रा होगी। मंत्रालय के अनुसार सिंगापुर में जयशंकर अपने समकक्ष और अन्य नेताओं से मिलेंगे। बयान में कहा गया है कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी के निमंत्रण पर, एससीओ के अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्री और संगठन के स्थायी निकायों के प्रमुख बैठक में भाग लेंगे। मंत्री विभिन्न क्षेत्रों में एससीओ सहयोग और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि एससीओ बैठक में भाग लेने के अलावा जयशंकर चीन की आधिकारिक यात्रा पर भी रहेंगे।

**विभिन्न क्षेत्रों में एससीओ देश आपसी सहयोग सहित कई मुद्दों पर करेंगे चर्चा**



फाइल फोटो

#### वांग भी इसी माह आएंगे भारत

ऐसा माना जा रहा है कि वांग इस महीने सीमा विवाद पर विशेष प्रतिनिधि (एसआर) स्तरीय वार्ता के तहत एनएसए डोभाल के साथ बातचीत के एक नए दौर के लिए भारत भी आ सकते हैं। वांग और डोभाल दोनों ही सीमा तंत्र के नामित विशेष प्रतिनिधि हैं। दोनों देशों ने 3,488 किलोमीटर लंबे जटिल सीमा विवाद को सुलझाने के लिए विशेष प्रतिनिधि तंत्र के तहत 23 दौर की वार्ता की है, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

#### चीनी विदेश मंत्री से मिलेंगे

जयशंकर 13 जुलाई को बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री वांग यी से भी मिलेंगे। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 2020 के सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों के अत्यधिक तनावपूर्ण होने के बाद, जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा होगी। उनसे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल भी चीन की यात्रा पर जा चुके हैं।

#### वर्तमान में चीन एससीओ का अध्यक्ष

चीन वर्तमान में एससीओ का अध्यक्ष है और इसी हैसियत से वह इस समूह की बैठकों की मेजबानी कर रहा है। चीनी रक्षा मंत्री जनरल डोंग जुन के साथ अपनी वार्ता के दौरान सिंह ने 26 जून को प्रस्ताव दिया था कि भारत और चीन को एक रोडमैप के तहत जटिल मुद्दों को हल करना चाहिए, जिसमें सीमाओं पर तनाव कम करने और सीमांकन के लिए मौजूदा तंत्र को फिर से सुचारु करने के लिए कदम उठाना शामिल हैं।

#### एससीओ में 10 सदस्य देश शामिल

एससीओ में 10 सदस्य देश चीन, रूस, भारत, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस शामिल हैं। जयशंकर की चीन यात्रा के दौरान, भारत और चीन के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया, ऑटोमोबाइल सहित कई उत्पादों के निर्माण के लिए आवश्यक दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर चीनी रोक और अन्य द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

---

### भारत-इंडोनेशिया सैन्य वार्ता संपन्न

# क्षेत्रीय शांति व स्थिरता के लिए दोहराई प्रतिबद्धता

एजेंसी ▶▶ बाली



भारत और इंडोनेशिया के बीच बाली में सैन्य स्तर की 11वीं वार्ता संपन्न हुई। यह 8 से 10 जुलाई 2025 तक आयोजित हुई थी। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने और क्षेत्रीय शांति व स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए मजबूत साझेदारी पर जोर दिया। भारतीय सेना के जनसंपर्क निदेशालय ने बताया कि दोनों देशों की सेनाओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अभ्यासों, मनोवैज्ञानिक अभियानों और जंगल व पहाड़ों में युद्ध प्रशिक्षण जैसे विषयों पर चर्चा की। इस साल की शुरुआत में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो ने भारत का दौरा किया था और 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। इस दौरान रक्षा सहयोग के क्षेत्र में कई अहम फैसले लिए गए थे। भारत और इंडोनेशिया ने रक्षा सहयोग समझौते (डीसीए) की मंजूरी का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इससे दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध और गहरे होंगे। दोनों देशों की सेनाओं के बीच रणनीतिक और परिचालन स्तर पर सहयोग को लेकर संतोष भी जताया गया। हाल के महीनों में भारत-इंडोनेशिया के बीच कई उच्च स्तरीय मुलाकातें हुई हैं। मलेशिया में आयोजित आसियान के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान भारत के विदेश राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने इंडोनेशिया के विदेश मंत्री सुगियोनो से भेंट की थी।

#### रक्षा उद्योग में बढ़ाएंगे सहयोग

रक्षा सहयोग में भारत-इंडोनेशिया समन्वित गश्त जैसी द्विवार्षिक गतिविधियां, सैन्य अभ्यास 'गरुड़ शक्ति', नौसेना अभ्यास 'समुद्र शक्ति' और 'मिलन', 'कोमोडो', 'तरंग शक्ति', 'सुपर गरुड़ शील्ड' जैसे बहुपक्षीय अभ्यास शामिल हैं। राष्ट्रपति प्रबोवो ने भारत के साथ घरेलू रक्षा निर्माण क्षमताओं को बढ़ाने में सहयोग की इच्छा भी जताई थी। भारत ने इंडोनेशिया के रक्षा आधुनिकीकरण कार्यक्रमों में सहायता देने के लिए अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने पर सहमति जताई थी। दोनों देशों ने रक्षा उद्योग में सहयोग को बढ़ाने के लिए संयुक्त रक्षा सहयोग समिति (जेडीसीसी) का उपयोग करने की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही समुद्री सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने की भी बात हुई, ताकि समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

---

### कपिल शर्मा को खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने दी धमकी

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा स्थित कैफे पर फायरिंग के मामले में कनाडा पुलिस जांच कर रही है। शुरुआती जांच में खालिस्तानी समर्थक के शामिल होने की आशंका जताई गई है। इस बीच खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने धमकी भरा वीडियो जारी किया है। पन्नू ने वीडियो मैसेज जारी कर कहा कि कनाडा तुम्हारा खेल का मैदान नहीं है। अपनी खून की कमाई वापस हिन्दुस्तान ले जाओ। उसने कपिल शर्मा पर हिन्दुत्व विचारधारा फैलाने का आरोप लगाया। पन्नू ने कहा कि कनाडा इस तरह की सोच को अपने देश में बढ़ने नहीं देगा। उसने पूछा कि क्या कैप्स कैफे कॉमेडी का अड्डा है या हिन्दुत्व फैलाने की साजिश का हिस्सा।

### अमेरिका के वीजा के लिए कानूनों का अनिवार्य अनुपालन ही एकमात्र उपाय

**कानूनों के उल्लंघन पर वीजा रद्द होने के साथ किया जाएगा निर्वासन**
**2026 से ढाई गुना महंगा हो जाएगा अमेरिका का वीजा**

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अगुवाई वाली रिपब्लिकन पार्टी की सरकार से अमेरिका का वीजा हासिल करना किसी टेढ़ी खीर से कम नहीं है। सप्ताह-दर- सप्ताह वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी प्रशासन से लेकर यहां नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास की तरफ से मामले पर नई हिदायतें सामने आती रहती हैं। इसी क्रम में शनिवार को दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट की। जिसमें चेतावनी के साथ दोहराते हुए कहा कि अमेरिका का वीजा हासिल करने वाले लोगों की जांच लगातार जारी रहेगी। जिसके पीछे हमारा उद्देश्य वीजा धारकों द्वारा अमेरिका के कानूनों और आव्रजन नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करवाना है। लेकिन अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो हम उनके वीजा रद्द कर देंगे या उन्हें अमेरिका से निर्वासित कर देंगे। इसके अलावा अमेरिका 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' के तहत अगले साल 2026 से गैर-अप्रवासी वीजा के लिए 'इंटीग्रिटी फी' के नाम पर 250 डॉलर का अतिरिक्त शुल्क वसूल करेगा। वर्तमान में भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका का वीजा सबसे बड़ा आकर्षण है।

### जनता बैंक घोटाला में पूर्व चेयरमैन गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की सबसे बड़ी वाणिज्यिक बैंक जनता बैंक के पूर्व चेयरमैन और मशहूर अर्थशास्त्री अबुल बरकत को ढाका पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच ने गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया। उन पर लगभग 297 करोड़ टका (करीब 24.4 मिलियन डॉलर) के कर्ज घोटाले में शामिल होने का आरोप है। यह मामला एंटी करप्शन कमीशन ने 20 फरवरी को दर्ज किया था, जिसमें बरकत सहित 23 लोगों को नामजद किया गया है। उन्होंने और पूर्व बांग्लादेश बैंक गवर्नर ने अवैध रूप से कर्ज दिया।

---

### रूस और पाकिस्तान की बढ़ती नजदीकियां...

# पाकिस्तान की स्टील मिल को पुनर्जीवित करेगा रूस, दोनों देशों के बीच हुआ समझौता

**चीन भी इस मिल से जुड़े प्रोजेक्ट को हासिल करने की दौड़ में शामिल था, लेकिन अंत में रूस ने बाजी मारी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन युद्ध और भारत की अमेरिका से बढ़ती दोस्ती के बीच बीते कुछ वक्त से एशिया महाद्वीप में चीन-पाकिस्तान और रूस के एक नए त्रिपक्षीय गठजोड़ की चर्चा तो आम है। लेकिन शनिवार को इसका एक और बड़ा प्रमाण मिला। जिसमें यह जानकारी सामने आई कि पाकिस्तान ने कराची स्थित अपनी स्टील मिल (पीएसएम) को पुनर्जीवित करने के लिए रूस के साथ एक औद्योगिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों देशों के बीच यह समझौता रूस की राजधानी मॉस्को में मौजूद पाकिस्तान के दूतावास में हुआ। जिसमें पाकिस्तान की तरफ से उद्योगों और उत्पादन के सचिव सैफ अंजुम और रूस के उद्योग इंजीनियरिंग के जनरल डायरेक्टर वादिम वेलिचको मौजूद थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के विशेष सहायक हारून अख्तर खान और रूस में पाकिस्तान के राजदूत मोहम्मद खालिद जमाली भी इस अवसर पर मौजूद रहे। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के विशेष सहायक ने कहा कि इस स्टील मिल को पुनर्जीवित करने में मिला रूस का समर्थन हमारे दोनों देशों के साझा इतिहास और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। जिसके पीछे एक मजबूत औद्योगिक भविष्य ही उद्देश्य है।

#### यूएसएसआर ने बनाई थी ये मिल

कराची स्टील मिल का निर्माण दरअसल वर्ष 1970 में तत्कालीन सोवियत संघ (यूएसएसआर) की मदद से ही किया गया था। लेकिन बीते काफी वक्त से यह पाकिस्तान पर वित्तीय बोझ बनी हुई थी यानी घाटे में चल रही थी। वर्ष-2008 में इस मिल का पतन शुरू हुआ। समझौते के साथ-साथ पाकिस्तान इस मिल की मौजूदा सुविधा को विघटित करेगा। उसके बाद सिंध की सरकार को 700 एकड़ की जमीन दी जाएगी। जिसमें एक नई स्टेट-ऑफ-द-आर्ट स्टील मिल स्थापित की जाएगी। जबकि इससे जुड़ी हुई अतिरिक्त जमीन का इस्तेमाल एक इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में किया जाएगा। मिल को फिर से शुरू करने के पीछे पाकिस्तान की एक मंशा इसके जरिए अपने स्टील उत्पादन को शुरू करके उसका विस्तार करने की है। समझौते से रूस-पाकिस्तान के रिश्तों में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25